
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता



वर्ष : 13 | अंक : 166 | 30 अप्रेल - 2019 | मूल्य : 20/-

"महात्मा ज्योतिबा फुले जिन्होंने हिन्दू समाज की छोटी जातियों को उच्च वर्णों के प्रति उनकी गुलामी की भावना के सम्बंध में जागृत किया और जिन्होंने विदेशी शासन से मुक्ति पाने से भी अधिक सामाजिक लोकतंत्र की स्थापना महत्त्वपूर्ण है, इस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया।"

- डॉ. भीमराव अम्बेडकर



## महात्मा ज्योतिबा फुले

# महात्मा ज्योति बा फूले की 192वीं जयंति पर आयोजित कार्यक्रमों की झलकियां










1. जयपुर में महात्मा फूले राष्ट्रीय संस्थान सम्मान समारोह
2. इंदौर में महात्मा फूले चौराहे पर आयोजित समारोह
3. पूणे में महात्मा फूले की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि
4. अजमेर में समाज के वर्योवृद्ध बुर्जुगों का सम्मान समारोह

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

• वर्ष :13 • अंक 166 • 30 अप्रेल, 2019 • • मूल्य : 20/- प्रति •

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(जिला - उपाध्यक्ष, भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**
**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**
**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**संरक्षक :**



**श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला**
(समाजसेवी/भामाशाह)

**संरक्षक :**



**श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी**
(उद्योगपति/समाजसेवी)

**संरक्षक :**




**श्रीमान नरपतसिंह सांखला**
(बिल्डर्स/समाजसेवी)

**संरक्षक :**



**श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा**
(उद्योगपति)

**संरक्षक :**



**श्रीमान ढ़लसिंह गहलोत**
(उद्योगपति/भामाशाह)

**संरक्षक :**



**श्रीमान भगवानसिंह गहलोत**
(उद्योगपति/भामाशाह)

**संरक्षक :**



**श्रीमान युधिष्ठर सिंह परिहार**
(व्यवसायी/समाजसेवी)

**संरक्षक :**



**डॉ सुरेन्द्र देवड़ा**
(हृदय रोग विशेषज्ञ, एम्स)

**संरक्षक :**



**श्रीमान सुरेश सैनी**
(समाजसेवी)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है।
सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# सम्पादक की कलम से ...



## क्या वास्तव में हम महात्मा फूले के आर्दशों पर चल रहें है ....

देश भर से समाज की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा महात्मा ज्योति बा फूले के जन्म दिवस को धूमधाम से मनाए जाने के सामाचार प्राप्त होते है। लेकिन क्या वास्तव में हम महात्मा ज्योति बा फूले के आदर्शो पर चल रहे है ?

आप सभी ने शायद महात्मा ज्योति बा फूले की जीवनी को पढ़ा होगा या कुछ जानकारी उनके जीवन काल में किए गए महान कार्यो की होगी। अगर नहीं भी है तो आप अब यह सब जानकारी हमारे द्वारा तैयार की गई वेब-साईट www.mahatmajyotirao.org से प्राप्त कर सकते है।

हमारे समाज में जन्में महात्मा ज्योति बा फूले ने अनेकों कुरीतियों को समाप्त करने का प्रथम अवसर प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया था। वर्तमान में महात्मा फूले की जय जयकार के नारे लगाना और उनकी प्रतिमाओं पर फूल मालायें चढ़ाना प्रगतिशीलता का धोतक बन रहा है। आकारों की पूजा करके विचारों की उपेक्षा करने की परम्परागत प्रथा है, वही सामाजिक तथा आर्थिक पिछड़ेपन की जड़ है। हम केवल एक दिन महात्मा फूले के आदर्शो की बात कर फिर वर्षभर उनके आदर्शो के लिए कितने प्रयास करते है कभी सोचा है ?

महात्मा ज्योति बा फूले ने जो महत्वपूर्ण कार्य किये जिस पर हमारा समाज ही नहीं बल्कि पिछड़ें व उपेक्षित तबकें के लोग आज भी उनके गुणगान करते है उनके कुछ कार्य जो मानव हितार्थ किए गये थे उसमें से सबसे महत्वपूर्ण कार्य : -

**1. समाज को शिक्षित करना।**

**2. महिलाओं को शिक्षित करना।**

**3. शुद्रों , अतिशुद्रों के कल्याण के लिए कार्य करना।**

**4. भेद-भाव को समाप्त करना।**

**5. विधवा विवाह करवाना।**

**6. मजदूरों एवं किसानों के लिए अधिकारों के लिए संघर्ष करना।**

**7. परित्यागता महिलाओं को पुर्न-विवाह एवं उनको रोजगार के लिए प्रक्षिशित करना।**

इसके अलावा अनेकों ऐसे कार्यो को किया जो कि आज से 188 वर्ष पूर्व किसी ने सोचा भी नहीं था। हम विचार करें इनमें से कितने कार्यो को हमारी समाज की संस्थाओं ने हाथ में लिया है तथा उसके लिए वर्ष भर कार्य करने का श्रम किया है। शायद इसका जवाब ना ही मिलेगा कुछ अपवाद को छोड़ कर। हम सब का यह प्रयास होना चाहिए जिस महापुरूष के कर्मो से आज गौरवान्वित हो रहे है हम उनके द्वारा मानव उत्थान के लिए किए गये कार्यो का उल्लेख कर रहे है उन कामों को हाथ में ले तथा उसका विस्तृत कार्यक्रम बना कर समाज में जागृति लाने का प्रयास करे तभी हम उनके वंशज होने का गौरव होगा तथा उनको सच्ची श्रद्धाजंलि होगी।



मनीष गहलोत

देश भर में महात्मा ज्योति बा फूले की 192जंयति पर आयोजित किए गए अनेकों कार्यक्रम

# कृतज्ञ समाज ने महात्मा ज्योति बा फूले की जंयति धूमधाम से मनाई

**जयपुर।** 11अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान,विद्याधर नगर स्थित संस्थान परिसर में समारोह पूर्वक मनाया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ शहनाई वादन के साथ में किया गया बच्चों ने और महिलाओं ने सांस्कृतिक संध्या में अपनी अनेकों ने प्रस्तुतियां दी ।

मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक सम्माननीय महेश जोशी, विशिष्ट अतिथि खंडेला विधायक महादेव सिंह खंडेला, पीसीसी चेयर पर्सन श्रीमती अर्चना शर्मा, जयपुर नगर निगम की पूर्व महापौर एवं लोकसभा प्रत्याशी ज्योति खंडेलवाल, वरिष्ठ पत्रकार ओम सैनी, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, ओंकार मल सैनी RAS, संतोष चालके IPS सहित अन्य गणमान्य लोग मंचासीन रहे एवं महात्मा ज्योतिबा फुले के विचारों,आदर्शों का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस मौके पर संस्थान की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले अवॉर्ड श्री सुखदेव सैनी (RAS), सावित्रीबाई फुले अवॉर्ड श्रीमती मनाली भोसले (IRS) GST, के एल सैनी अवार्ड सत्यनारायण माली इंटरनेशनल खिलाडी व स्पेन से रजत पदक विजेता, ताराचंद चंदेल अवार्ड श्री बंशीधर सैनी (पूर्व प्रधान) वरिष्ठ समाजसेवी को अवार्ड देकर नवाजा गया। साथ ही समाजसेवी दिन क्षेत्रों में समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 21 महिलाओ और प्रतिभावान छात्र–छात्राओं खेल जगत में खिलाड़ियों एवं अन्य उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों का भी सम्मान किया गया।



इस मौके पर संस्थान के प्रदेशाध्यक्षा मांगीलाल पवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष छुट्टन लाल जी सैनी फूल वाले, महामंत्री नीलम कुमार, प्रवक्ता राजेंद्र मावर,पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष जुगल किशोर सैनी, वरिष्ठ समाजसेवी बिरधि चंद सिंगोदिया, जयपुर शहर अध्यक्ष भवानी शंकर माली, ग्रामीण अध्यक्ष मूलचंद इंदौरा, पूर्व अध्यक्ष चंदा लाल सैनी, शंकरलाल ठेकेदार, ओम प्रकाश सैनी,रामोतार सिंगोदिया,जयपुर शहर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, उपाध्यक्ष शांती कुमार सैनी, श्रीमती संतोष सैनी, राजेश सैनी एडवोकेट,प्रवता सुनील सैनी, महामंत्री श्रीमती लीला सैनी, भोला राम सैनी, संजय सैनी, बनवारी लाल सैनी, सीताराम सैनी एडवोकेट, सत्यनारायण सैनी, डॉक्टर रामगोपाल, मुकेश सैनी नेमी चंद सैनी, श्रीमती विमला सरपंच, नीतू सैनी, मुकेश सैनी सहित जयपुर के सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का सम्मान किया। शहर अध्यक्ष भवानी शंकर माली, टीवी एंकर व नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर राखी शुक्ला ने मंच संचालन कर जयंती समारोह में शमा बांधी। सभी आगंतुओं ने जलपान स्टालस एवं प्रोग्राम लुफ्त उठाया।

समारोह में सभी पधारें सभी आग्नतुकों का महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान परिवार की ओर से हार्दिक आभार भगवान शंकर माली, अध्यक्ष जयपुर शहर द्वारा प्रकट किया गया।

**जोधपुर।** माली संस्थान जोधपुर द्वारा महात्मा ज्योति बा फूले की 192वीं जयंति धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा ज्योति बा फूले चौराहे पर माली समाज के साथ ही एस.टी. एस.सी. मूल ओबिसी, अल्पसंख्यक समाज के सैकड़ों लोगों ने महात्मा फूले की प्रतिमा पर पुष्पाहार अर्पित कर उन्हें श्रृद्वाजंलि अर्पित की।

माली संस्थान के अध्यक्ष पुखराज सांखला ने बताया कि कार्यक्रम में जोधपुर लोकसभा प्रत्याशी वैभव गहलोत एवं गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी भाग लिया तथा पुष्पाजंलि अर्पित कर महात्मा ज्योति बा फूले द्वारा पिछड़ों अतिपिछड़ों के लिए सैकड़ों वर्षो पूर्व शिक्षा के लिए किए गए कार्यो की जानकारी देते हुए उनके सिद्वांतों पर चलने की बात कही। इस अवसर पर जेडीए के पूर्व चेयरमेन राजेन्द्र सोलंकी, राजसिको पूर्व चेयरमेन सुनील परिहार, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र



सिंह कच्छवाहा, महात्मा ज्योति बा फूले के अनुयायी चेतन प्रकाश नवल ने सभी प्रबुद्वजनों को महात्मा ज्योति बा फूले की एवं बाबा साहब अम्बेडकर की जीवनी पुस्तिका भेंट की तथा आज के कठिन समय में उनके दिखाए मार्ग पर चलने की बात कही। इस अवसर पर लांयस क्लब मण्डोर जोधपुर द्वारा महात्मा ज्योति बा फूले की जीवनी का पेम्पलेट भी सभी को प्रदान किया गया। वाल्मिकी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम हंस एवं उनके कार्यकताओं ने भी महात्मा फूले की जीवनी से सीख लेने की बात कही। इस अवसर पर यश सोलंकी के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान शिविर में युवक युवतियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

**टोंक।** दलित एवं पिछडे वर्ग के मसीहा एवं क्रांति की ज्योति जलाने वाले महात्मा ज्योतिबा फूले की 192वीं जयन्ती पर गुरूवार को जिला माली (सैनी) समाज के संरक्षक कमलेश सिंगोदिया के नेतृत्व में महात्मा ज्योतिबा फुले माली समाज छात्रावास महादेवाली में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।

महात्मा ज्योतिबा फूले की 192वीं जयन्ती पर माली समाज ओर अन्य सामाजिक संगठनों के लोगों द्वारा महादेवाली स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले माली समाज छात्रावास में स्थापित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया, इसके पश्चात आम विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। विचार गोष्ठी में माली समाज जिला संरक्षक व पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले (ज्योतिराव गोविंदराव फुले) को 19वी. सदी का प्रमुख समाज सेवक माना जाता है. उन्होंने भारतीय समाज में फैली अनेक कुरूतियों को दूर करने के लिए सतत संघर्ष किया. अछुतोद्वार, नारी–शिक्षा, विधवा – विवाह और किसानो के हित के लिए ज्योतिबा ने उल्लेखनीय कार्य किया है। लेकिन बड़े ही दुंभाग्य की बात है कि आज उनकी सेवाओं ओर तपस्या के लिए वर्षो से भारत रत्न की मांग करने के बाद भी उन्हे देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न नहीं मिला है। सिंगोदिया ने कहा कि समाज का उत्थान तब तक नहीं होगा जब तक हम समाज में व्याप्त बुराईयों को खत्म नहीं करेगें। आज माली (सैनी) समाज में जागरूकता आने लगी है युवाओं के सहयोग ओर बुजुर्गो के मागदर्शन से ही समाज एक नई दिशा की ओर बढ़ेगा जब भी समाज को उनकी सेवा की जरूरत पडेगी वे हमेशा आगे रहेगें।

सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवक इजिनीयर भैंरूलाल सैनी ने कहा कि माली समाज वो समाज है, जिसमें अनेक महापुरूषों ने जन्म लिया है, उनमें से महात्मा ज्योतिबा फुले भी थे, जिनकों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर अपना गुरू मानते था। ऐसे महापुरूषों के जीवनी से हमें सीख लेकर आत्मसात करना चाहिए। इस मौके पर माली महासभा के प्रदेश महामंत्री व छात्रावास संचालन समिति सदस्य एडवोकेट लाभचंद अजमेरा, ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश महासचिव रमेश चंद सैनी रहमानदिया, माली समाज तहसील अध्यक्ष मोहन लाल बागड़ी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ बबलू टैंकर, युवा नेता राहुल सैनी, विष्णु सैनी अजमेरा, बाल मुकन्द सैनी, जिला मीडिया प्रभारी कमलेश सैनी, सदर माली समाज महामंत्री अचलेश सैनी, कालूराम सांखला बीखापुरा, कमलेश डाबला, अशोक सैनी, रामराज सरसवाल, मोहन सैनी, विष्णु, चेतनकुमार, नरेश, खुशीराम, लोकेश सैनी, मुकेश, कमल, मनराज, बृजेश, राजाराम, गणेश, भागचंद सैनी, रामसहायक सैनी, दयाराम आदि मौजूद रहे।

**पुष्कर।** मालियान नवयुवक मंडल समिति पुष्कर क्षेत्र की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले की 192वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा समकालीन समस्याओं का किस तरह से अपने स्तर पर निवारण कर समाज को नई दिशा प्रदान की गई। उसी प्रकार हमें भी वर्तमान परिवेश में भ्रष्टाचार एवं अन्य वर्तमान समस्याओं का विवेक पूर्ण तरीके से समाधान खोजना होगा तथा अपने बच्चों को शिक्षा हेतु प्रत्येक माता–पिता को अतिरिक्त विशेष ध्यान देना होगा। बच्चों को दिखावे व नशे की प्रवृत्ति से दूर रखते हुए सादा जीवन उच्च विचार को अपने जीवन में उतारना चाहिए। वर्तमान में शिक्षा का पाश्चात्य करण हो रहा है। मालियान नवयुवक मंडल पुष्कर के तत्वधान में राजकीय प्राथमिक विद्यालयों डेर बांसेली देवरा कोठी नाला पुष्कर में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर स्कूली बच्चों से फुले की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करवा कर महात्मा ज्योतिबा फुले अमर रहे के नारे गुंजायमान करवाए गए एवं स्कूली बच्चों को उपहार स्वरूप सलेट कॉपी पट्टी पहाड़ा जमेट्री बॉक्स व एक बिस्किट का पैकेट वितरित किया गया व महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर सभी विद्यालयों में भेट की गई

**नागौर।** प्रसिद्ध सामाजिक सुधारक व शैक्षिक चिंतक ज्योतिबा फूले की 192 जयंती नागौर जिला मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई । जिला मुख्यालय के हनुमान बाग स्थित ज्योतिबा फूले पार्क में यह जयंती महामंडलेश्वर स्वामी कुशाल गिरी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धन की सर्वश्रेष्ठ गति दान है। मध्यम गति इस लोक में उसे खर्च करना है जबकि धन की सबसे अधम, नीच गति उसको इस प्रकार से खर्च करना है जिसमें दोनों लोगों का पुण्य नष्ट हो जाता है। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है।



ज्योतिबा फूले पार्क को सुखद व सुरम्य वातावरण प्रदान करना भामाशाहों के कारण से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले ने समाज में समानता, समरसता के साथ–साथ स्वाभिमान से जीना सिखाया । उन्होंने कहा कि मनुष्य में कुबुद्धि कम परिश्रम से ही उत्पन्न हो जाती है जबकि श्रेष्ठ भाव के लिए बहुत ही परिश्रम व चित्त का योग जोड़ना पड़ता है । इसलिए हमें श्रेष्ठ भावों के संचार के लिए श्रेष्ठ व्यक्तियों का सत्संग करना चाहिए। कार्यक्रम में सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान के अध्यक्ष रामस्वरूप पंवार, नागौर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन जीवणमल भाटी, भंवर लाल सांखला, पार्षद ओम प्रकाश सांखला, गुठठाराम कच्छावा, रामसिंह सोलंकी, रमाकांत शर्मा, लक्ष्मी नारायण मूंडेल मंचस्थ अतिथि के रूप में विराजमान थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता खींवसर विधायक हनुमान बेनीवाल द्वारा की गई। कार्यक्रम में भामाशाह राम स्वरूप कच्छावा, हीरा लाल सांखला, नेमाराम कच्छावा ,राधाकिशन गहलोत, कानाराम सांखला, जसवंत कच्छावा का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर बलदेव राम कच्छावा ,हरिराम गहलोत ,अमृतलाल टाक, ओम प्रकाश गहलोत ,मोहब्बत राम पंवार, देव किशन सोलंकी, कमल भाटी ,धर्मेंद्र सोलंकी, हनुमान भाटी, देवकिशन भाटी सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे ।

**रोहतक।** अंतर्राष्ट्रीय सैनी समाज'◆ के तत्वाधान मे रोहतक काठ मंडी में अपने कार्यालय पर बड़ी धूमधाम से मनाई ओर खुशी के इस अवसर पर रसगुल्ले बाटे गए। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा ज्योतिबा फूले ओर माता सावित्री बाई फुले को माला पहनाकर ओर चरणों मे पुष्प अर्पित कर की गई तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले दंपति को भारत रत्न देने की मांग भारत सरकार से करते हुए कहा अब सैनी समाज जागृति की चरम अवस्था में पहुंच चुका है अब किसी भी सरकार को इस समाज की अनदेखी महंगी पड़ेगी। अतः जल्द से जल्द भारत रत्न से सम्मानित कर समाज को आश्वस्त करें । उन्होंने कहा कि समाज को इन महापुरुषों के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए तभी हमारे समाज का वास्तविक भला हो सकता है। इस पुण्य कार्य में उपस्थित गण अंतर्राष्ट्रीय सैनी समाज के संस्थापक महासचिव श्री नरेश सैनी कलानोरिया, प्रदेश अध्यक्ष श्री मुकेश सैनी, महिला विंग जिला अध्यक्ष बहन ऋतुराज सैनी, श्री अमित सैनी, सदस्य जिला कार्येकार्णी श्री विनोद सैनी, श्री राजेश सैनी टिटौली, राधेश्याम सैनी, बिजेंद्र सैन एव अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**कोटा।** एससी,एसटी व ओ बी सी अधिकारी कर्मचारी महासंघ' के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले कि 192 वी जयन्ति पर कबीर आश्रम ,विनोभा भावे नगर,में धूमधाम से मनाई और 'सामाजिक चिंतन पर विचार गोष्टि' का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता सत प्रभाकर साहिब, डॉ चंद्र शेखर सुशील, डॉ दुर्गा शंकर सैनी, सूरज करण बड़गोला, डॉ अशोक चौधरी, नाथू लाल पहलवान, डॉ सी एल दायमा, डॉ नरेंद्र सिन्दोलिया, दिनेश खटीक, बी. एल. सैनी, राजीव आदि ने विचार रखे। पुरुषोत्तम अजमेर, जगदीश सुमन, राकेश खटीक, धर्मन्द्र सुमन, महेंद्र सुमन, सुरेश मीना, भवानी शंकर सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी ने संकल्प लिया कि ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब

अंबेडकर के सिद्धांतों को अपने जीवन मे उतारकर सामाजिक उत्थान और राष्ट्र निर्माण में योगदान करेगें।

महासचिव श्री नरेश सैनी कलानोरिया, प्रदेश अध्यक्ष श्री मुकेश सैनी, महिला विंग जिला अध्यक्ष बहन ऋतुराज सैनी, श्री अमित सैनी, सदस्य जिला कार्येकार्णी श्री विनोद सैनी, श्री राजेश सैनी टिटौली, राधेश्याम सैनी, बिजेंद्र सैन एव अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**कोटा।** एससी, एसटी व ओ बी सी अधिकारी कर्मचारी महासंघ' के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले कि 192 वी जयन्ति पर कबीर आश्रम ,विनोभा भावे नगर,में धूमधाम से मनाई और 'सामाजिक चिंतन पर विचार गोष्टि' का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता सत प्रभाकर साहिब, डॉ चंद्र शेखर सुशील, डॉ दुर्गा शंकर सैनी, सूरज करण बड़गोला, डॉ अशोक चौधरी, नाथू लाल पहलवान, डॉ सी एल दायमा, डॉ नरेंद्र सिन्दोलिया, दिनेश खटीक, बी. एल. सैनी, राजीव आदि ने विचार रखे। पुरुषोत्तम अजमेर, जगदीश सुमन, राकेश खटीक, धर्मन्द्र सुमन, महेंद्र सुमन, सुरेश मीना, भवानी शंकर सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी ने संकल्प लिया कि ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब अंबेडकर के सिद्धांतों को अपने जीवन मे उतारकर सामाजिक उत्थान और राष्ट्र निर्माण में योगदान करेगें।



**झालावाड।** महात्मा ज्योतिबा फुले की 192 जयंती पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें माली सैनी समाज ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की झांकियां निकाली गई शोभायात्रा में महिलाओं ने अपने सिर पर कलश उठाएं चल रही थी शोभायात्रा का शहर मैं कई स्थानों पर स्वागत किया इस अवसर पर मंगलपुरा, एस. बी .आई ,चौराहा, गढ़ भवन ,बड़ा बाजार , झालावाड़ में भाटी परिवार की ओर से मोटर गैराज चौराहा ,बस स्टैंड निर्भय सिंह सर्किल पर भव्य स्वागत किया गया ।

शोभायात्रा के समापन पश्चात महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि पीपाड़ से पधारें प्रकाश भाटी रहे । मंच पर आसीन फूलमाली समाज समाज के अध्यक्ष शिवानंद बारवाल,ज्योतिबा फुले संस्थान के जिलाध्यक्ष केलाश पुष्पद, सचिव राम लाल जी रावल, बिरधीलाल सुमन, कन्हैयालाल रावल, विष्णु गहलोत कार्यक्रम की अध्यक्षता हरगोपाल भाटी ने की इस अवसर पर भाटी ने कहा समय आ गया है कि सभी माली सैनी समाज के सदस्य एकजुट होकर समाज उत्थान के लिए कार्य करें बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाई जाए समाज में फिजूल खर्चे पर रोक लगाकर हम सब महात्मा फूले के द्वारा बताए गए मार्ग पर आगे बढ़े।

कार्यक्रम में बोर्ड एवं विश्वविद्यालय में अधिक अंक लाने वाले 51 छात्र–छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही साथ 15 भामाशाह को प्रतीक चिन्ह एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया कार्यक्रम फूलमाली नवयुवक मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर सैनी एवं उनकी कार्यकारणी इस ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया इस हेतु समाज में अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी को भी सम्मानित किया।

**खानपुर।** भगवान चतुर्भुज नाथ मंदिर पर महात्मा ज्योतिबा फूले की 192 वी जयंती मनाई गई जिसमें कार्यवाहक अध्यक्ष मांगीलाल सुमन में माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया और मुरलीधर, चंद्र सुमन, शंकर बडेरा, जगदीश सुमन ,ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही साथ समाज उत्थान एवं विकास कार्यो की चर्चा हुई इस अवसर पर त्रिलोकचंद, नंद लाल सुमन, अनिल खरोटिया ने अपने विचार व्यक्त किया।

**भवानीमंडी।** श्री राम मंदिर जवाहर कॉलोनी से शहर के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई जिसमें महिलाएं मंगल कलश लेकर एवं पुरुष सफेद वस्त्र धारण कर केसरिया साफा पहन कर चल रहे थे शोभा यात्रा में कई झांकियां निकाली शोभा यात्रा के पश्चात महात्मा ज्योतिबा फुले पर विचार प्रकट किए और कार्यक्रम की अध्यक्ष मनोहर सैनी ने की दिलीप सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में भामाशाह का सम्मान किया तथा अधिकतम अंक लाने वाले बालक बालिकाओं का सम्मान किया इस अवसर पर नरेंद्र उनियारा, प्रमोद सैनी, प्रमोद बलासरिया, केलाश सैनी ने अपने विचार प्रकट किए।

**सुनेल।** माली समाज के कृष्ण मंदिर से एक शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गो से गुजरी एवं मंदिर पहुंचकर महा आरती का आयोजन किया उसके पश्चात महात्मा ज्योतिबा फुले की जीवनी पर विचार रखें एवं प्रसाद वितरण किया।

**पिड़ावा।** ज्योतिबा फुले की 192 जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर से एक शोभायात्रा निकाली गई इस शोभायात्रा में महिलाएं मंगल कलश लेकर चल रही थी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी जहां पर जगह जगह स्वागत किया गया इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल कासलीवाल में समाज अध्यक्ष वीरेंद्र बागवान व अन्य पदाधिकारियों का माला पहनाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया शोभा यात्रा सुल्तान तिराहे से होकर महात्मा फूले परिसर पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित हो गई इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष विरेंद्र बागवान रामगोपाल अध्यापक सुरेश बागवान पूरी लाल माली प्रकाश माली प्रकाश सुमन मांगीलाल अध्यापक ने अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर अधिकतम अंक लाने वाले बालक बालिकाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और इस अवसर पर समाज की ओर से सामूहिक भोजन की व्यवस्था की गई।

**पनवाड़।** सर्व माली समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की 192 वी जयंती समाज की धर्मशाला में मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि डॉ राधेश्याम सुमन ने फूले के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ राधेश्याम सुमन ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला और इस अवसर पर स्वरूप माली समाज अध्यक्ष दिनेश सोपरिया,दिनेश सगेंस्या, गोविंद सोपरिया, रामनिवास सुमन ने अपने विचार व्यक्त किये।

**गोलाना।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के मुख्य अतिथि शादीलाल सैनी, सत्यनारायण सुमन पूर्व सरपंच ओम प्रकाश सुमन ने महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन की जानकारी दी तथा समाज को एकजुट होने का आह्वान किया।

**अजमेर मे ऐतिहासिक रहा, महात्मा जयोतिबा फुले कि192वीं जयंती–महोत्सव हर्षोल्लास से मनाई, विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुये।**

(1)माली(सैनी) संस्थान के तत्वावधान मे 07अप्रैल रविवार को गढवाल पैलेस, तोपदडा मे सुबह 9.00 बजे स्वैच्छिक रक्त दान शिविर जिसमे 101 यूनीट ब्लड एकत्रित हुए।सम्पूर्ण बाडी की निशुल्क जांच क्वाटमं रेजीनेस मेग्नेटिक एनालाईजर मशीन से करीब 80 लोगो की जांच लाभान्वित हुये। मुख्य अतिथि श्री त्रिलोक चन्द्र इन्दौरा, अध्यक्ष,राजेश भाटी व पधाधिकारीयो ने महात्मा ज्योतिबा फूले व माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर जगदीश तंवर ने50 वीं बार रक्त दान कर मेडल,प्रमाण पत्र,गुलाब का फुल दे कर सम्मानित किया।कार्यक्रम मे अजमेर डायबिटीज सोसायटी द्वारा निशुल्क शुगर व रक्त की जांच की गई।इडियन ग्रुप के नरेंद्र तुनवाल ने अपने साथियों के साथ रक्त दान किया।

(2) बालाजी सेवा संस्थान के तत्वावधान मे 09अप्रैल मंगलवार को गढवाल पैलेस तोपदडा मे अनाथ,गरीब, लाचार, असहाय 51 बच्चों की विश पुरी की। इसमें दो दिन पहले बच्चों से उनकी इच्छानुसार मनपसंद के गिफ्ट बाटें। मुख्य अतिथि श्री त्रिलोक चन्द्र इन्दौरा, अध्यक्ष गणेश टांक महात्मा जयोतिबा फुले व माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम की शूरूआत की। विशिष्ठ अतिथियो द्वारा बच्चों को बेट–बाल,फुटबॉल, लुडो, केरम, जोमेट्री बाक्स, टी–शर्ट्स, रिमोट कन्ट्रोल की कार, जीप, बस, बेबीडॉल, शुज, स्पोर्ट्स शुज वितरित किये। सभी बच्चे गिफ्ट पाकर बहुत खुश हुये। सभी बच्चों को फुले–दम्पति के किये समाजहित के कार्य से अवगत कराया । मंच का संचालन My FM के दिपक ने किया।

(3) महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती महोत्सव की कडी मे 10 अप्रैल बुधवार को सांय 5.30 बजे गढवाल पैलेस मे समाज रत्नों का सम्मान किया माली सैनी समाज कल्याण संस्थान द्वारा किया गया जिसमे प्रमुख आरपीएससी से सेवानिवृत्त होने वाले कार्यकारी अध्यक्ष श्री आर. डी. सैनी विदाई समारोह और

समाज के अन्य आगन्तुक अधिकारियों का सम्मान किया। मंच का संचालन भागचन्द पंवार ने किया।

(4 )सांय 07.30 बजे उसी दिन पूर्व संध्या पर फुले सर्किल पर प्रतिमा पर दीपदान किया।

(5)अखिल भारतीय महात्मा फूले समता परिषद, अजमेर–शहर के तत्वावधान मे 11अप्रैल, गुरुवार को सामाजिक क्रांति के अग्रदूत,नारी शिक्षा के प्रेरक, महामहिम, राष्ट्रपिता, महात्मा ज्योतिबा फुले की 192वीं जयंति–महोत्सव हर्षोल्लास से मनायी गई। आज गुरुवार, 11अप्रैल को सुबह 10.00 बजे से विभिन्न राजनेतिक दल भा.ज.पा., कांग्रेस, संगठनो, सस्थाओं, पधाधिकारी, सदस्यों ने महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण अर्पित किये,वहां उपस्थित जन समुह ने एक सुर मे नारे लगाये।म हात्मा ज्योतिबा फुले... अमर रहे...अमर रहे....। माता सावित्रीबाई फुले... अमर रहे..अमर रहे.... जब तक सुरज चांद रहेगा.... बाबा तेरा नाम रहेगा....। सभी ने महात्मा ज्योतिबा फूले के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तथा इनकी बताई शिक्षा पर चल कर ही हम जन्मोत्सव पर सच्ची श्रद्वाजंलि देगे। सभी ने फुले दम्पति को भारत रत्न दिलाने की एक सुर मे मांग की।।

(6) इसके बाद 11.00 बजे अनिल मौर्य, तरुण जादम, आदित्य ढलवाल, अजय दग्दी की टीम द्वारा पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए निःशुल्क परिन्डे वितरण किए गये, राहगीरों के लिए भीषण गर्मी के चलते ठंडा पेय–मसाला–छाछ की व्यवस्था सर्किल पर कि गयी।

(7) सांय 5.00 बजे लक्ष्मीगार्डन, धोला भाटा पर विशाल व भव्य रैली की शुरूआत की गयी जो नौ नम्बर पेट्रोल पंप, नगरा, मार्टिनल ब्रिज, केसरगंज, स्टेशन रोड, मदारगेट, गांधी भवन चौराहा, चुडीबाजार, नया बाजार, आगरा गेट, सुचना केंद्र चौराहा, डाक बगला, अम्बेडकर सर्किल से फुले सर्किल पर समाप्त हुयी। इसमे भगवान शिव, पार्वती, हनुमान, भारतमाता, महात्मा ज्योतिबा फूले, माता सावित्रीबाई फुले, संत लिखमीदास जी महाराज, हिन्दू मुस्लिम, सिख, ईसाई थीम पर मनमोहन झाकियां सजायी गयी। करीब 300 वाहन झंडों, व फुलो सजी रैली मे आगे खुली जीप मे प्रमुख गणमान्य पार्षद सवार थे उनसे आगे डी.जे.की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे। रास्ते मे जगह–जगह स्वागत द्वार लगे थे। रैली के लिये रास्ते मे जगह–जगह नाश्ते, शर्बत, आईसक्रिम, दुध,छाछ व गुलाब की पत्तियों उछाल कर स्वागत किया। शाम7.00 बजे रैली का समापन सर्किल पर हुआ।।

(8)सांय 7.30 बजे बैन्ड, ठोल–ढमाकों, शहनाई वादन के साथ महाआरती का आयोजन हुआ, प्रसाद वितरण हुआ।

(9) सांय 7.45 बजे सर्किल पर ही भव्य आतिशबाजी हुयी जिससे सारा आसमान रगींन हो गया।

(10) सांय 8.00 बजे फुले दम्पति पर विचार–गोष्टी व व्याख्यान–माला हुयी तथा सम्मान समारोह हुआ। जिसमें जयंती महोत्सव मे प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रुप भागीदारी निभाई हो।इस अवसर पर कार्यक्रम की सुचनाओ के प्रसार–प्रचार के लिए अतुलनीय योगदान के लिए प्रदीप कुमार कच्छावा को सम्मानित किया महात्मा ज्योतिबा फूले व माता सावित्रीबाई फुले के बताये मार्ग पर विचारों का मंथन भी हुआ।

(11)14अप्रैल रविवार को माली संस्कार संस्थान द्वारा मालियान सैनी पब्लिक स्कूल में 111 समाज के वृद्ध–बुजुर्गों जिनकी उम्र 75 वर्ष से अधिक हो उनका शॉल, माला पहनाकर कर सम्मान किया। इसका उद्देश्य कमी आ रही नयी पीढी मे संस्कार, परम्पराओं, आदर्शों ,पश्चिमी सभ्यता की ओर अग्रसर होने से बचाना हैं। मुख्य अतिथि नवीन कच्छावा थे।

इस प्रकार महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती–महोत्सव मे सभी कार्यक्रम मे उपस्थित थे महापौर धमेन्द्र गहलोत, विधायक अनिता भदेल, कांग्रेस शहर अध्यक्ष विजय जैन, प्रेमराज सौलंकी, पुनम चन्द्र मारोठिया, महेश चौहान, धीसु गढवाल, चांदमल टाक, टीकम चन्द्र टाक, मदन कच्छावा, मनीष मारोठिया, भानु कच्छावा, चेतन सैनी, ताराचंद गहलोत, बाबु लाल दग्दी, सुरेंद्र चौहान, मेवा लाल जादम, राजेंद्र सैनी, हेम राज सिसोदिया, सजंय मावर, दिपक उबाना, पंकज साखंला, राजेश गढवाल, योगेश कुमार टाक, ओम प्रकाश टांक, लक्की साखला, सोहनलाल सैनी, अशोक तंवर, मुकेश अजमेरा, किशोर भाटी, दिनेश साखंला, मोतीलाल सैनी, दिलीप गढवाल, शंकर टांक, ललित चौहान, निरजंन महावर, बालमुकुंद टांक, जिगर चौहान, गिरीश चौहान, बिशन सांखला, गोपी जादम, नौरत कच्छावा, सतीश सैनी। पार्षदो मे गोपाल चौहान, विजय गहलोत, महेंद्र जादम, गणेश चौहान, चन्देश सांखला, बीना टांक, संतोष मोर्य, महिला शहर काग्रेस सबा करीम, सुनिता चौहान, शारदा मालाकार, सुलोचना कच्छावा, पुष्पा सैनी, सीमा साखला, सुरज भाटी, पूर्व पार्षद आशा तुनवाल, पुष्पा सैनी इत्यादि उपस्थित थे।

**भीलवाड़ा।** भारत के महान सामाजिक पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फूले के विचार और उनका दृश्टिकोण आज के इस दौर में भी प्रासंगिक है। युवा, महिला, पुरूष उनके जीवन मूल्यों को अपने जीवन में उतार कर स्वयं का ही नहीं अपितु परिवार, समाज और राष्ट्र का भी कल्याण कर सकते है। यह विचार फूले सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपाललाल माली ने देवरिया बालाजी के समीप स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद आयोजित फूले जयंती पर विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये। माली ने यह भी कहा कि फूले जयंती आती व चली जाती है केवल सभाएं करने, सम्मानित होने और लम्बे चौड़े भाषण देने से हमारा फूले के प्रति दायित्व पूरा नहीं हो जाता। फूले के प्रति आपकी असल श्रृद्धा उस दिन दिखाई देगी जिस दिन उनके जीवन मूल्यों को सच्चे अर्थों में ग्रहण कर लेगे। विचार गोष्ठी से पूर्व फूले के अनुयायियों ने फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर सभी उनके विचारों को अपनाकर उनके बताये मार्ग पर चलने का सकल्प लिया।



इस अवसर पर फूले सेवा संस्थान के कोशाध्यक्ष शंकरलाल गोयल, राज. प्रदेश माली महासभा के युवा जिलाध्यक्ष हरनारायण माली, बनेड़ा तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण चौहान, नानूराम गोयल, कन्हैयालाल माली, भैरूलाल माली, मीठुलाल सतरावला, मुरली सैनी, मोहन बुलिवाल, कन्हैयालाल लावड़ा, कैलाश बंशीवाल, देवालाल गढ़वाल, संतोष चंदेल, चौथमल रागस्या सहित संस्था के समस्त पदाधिकारी और सदस्यगण एवं माली समाज के लोग उपस्थित थे।

**उदयपुर।** ज्योति बा फूले जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय जिला स्तरीय क्रिकेट व बालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरूकुल स्कूल एवं कॉलेज परिसर, गांव बुढ़ल, पंचायत लालपुरा, पंचायत समिति कुराबड़, तहसील गिर्वा में आयोजित की गई। क्रिकेट की 10 टीमों ने भाग लिया। लिग के आधारित 10 ओवरों का मैच खिलाया गया। इस तरह बालीबॉल की भी 10 टीमों ने भाग लिया जिसमें लालपुरा, झामर कोटड़ा से एमबी क्लब, बुढल से टाईगर क्लब, मोडी क्लब, प्रताप नगर, अजबरा से मातेश्वरी क्लब, जयसमंद की टीम व रॉयल मेवल क्लब, सवीना, बेमला, उथरदा, गींगला, रोडत क्लब, चांसदा ने भाग लिया।

तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन आज हुआ जिसमें मुख्य अतिथि संस्थापक दिनेश माली व निदेशक दिवाकर माली व अध्यक्षता राजस्थान के पूर्व रणजी ट्राफी खिलाड़ी मोईन कुरेशी द्वारा की गई। बालीबॉल में प्रथम मोडी क्लब प्रतापनगर व द्वितीय टाईगर क्लब, बुढ़ल आई व क्रिकेट में प्रथम रोडत क्लब, चांसदा व द्वितीय रॉयल मेवल क्लब, सवीना सभी खिलाड़ियों को क्रिकेट व बालीबॉल किट व ट्राफी पुरूस्कार दिये गये। खेलकूद प्रतियोगिता का संचालन भवानी सिंह सोडा, रोहित व रंगलाल व मांगीलाल वैष्णव द्वारा किया गया।








ज्योति बा फूले टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एवं सेंट ज्योति बा फूले पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा ज्योति बा फूले की जयंती के अवसर पर पूर्व संध्या में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पधारे हुए अतिथियों ने महात्मा ज्योति बा फूले एवं सावित्री बा फूले की तस्वीरों का माल्यार्पण किया तथा छात्राध्यापकों ने संस्थागीत एवं स्वागत गीत से उनका स्वागत किया। समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती स्वाति पालरिया ने कहा कि आज के समय में महात्मा ज्योति बा फूले की शिक्षाओं का अनुसरण करने की महत्ती आवश्यकता है तथा इस अवसर पर संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन करना सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। समारोह की अध्यक्षता संस्था के निदेशक श्री दिवाकर माली ने की एवं कहा कि संस्था की स्थापना महात्मा ज्योति बा फूले एवं सावित्री बा फूले की शिक्षाओं का अनुसरण एवं प्रसार करने के लिए ही हुई है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष सक्सेना ने ज्योति बा फूले जयंती के अवसर पर छात्राध्यापकों द्वारा रक्तदान में 25 यूनिट देने हेतु उनकी प्रशंसा एवं सराहना की तथा उन्हें उत्प्रेरित करते हुए कहा कि अपने जीवनकाल में भी रक्तदान करते रहना चाहिए। इस अवसर पर सेंट ज्योति बा फूले स्कूल की प्रधानाध्यापिका अंजना सेठ ने ज्योति बा फूले जयंती पर अपने विचार रखे। समारोह में छात्राध्यापिका योगेश्वरी ने ज्योति बा फूले के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला तथा छात्राध्यापक करण सिंह ने सावित्री बा फूले के जीवन परिचय पर अपने विचार रखे। सेंट ज्योति बा फूले पब्लिक स्कूल के छात्रों ने राष्ट्र एकता से संबंधित नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी।

समारोह का संचालन सोनिया सिन्हा एवं करण सिंह ने किया तथा इस अवसर पर सूरजमल झूठावत, चेतना भारद्वाज, सुमित्रा सालवी, भारती सालवी, दिनेश वरदिया, माया मेघानी, शांतिलाल लड्ढा, महेश रावत, नारायणलाल रावत, विशाखा भटनागर, खुशबु शक्तावत आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे तथा आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज, उदयपुर की ब्लड बैंक टीम डॉ. कैलाश कुमार बंसल, प्रमोद सिंह, दिव्या सिंह, राकेश वर्मा, मनीष कलासुआ, मनोहर मीणा, सुरेश सिंह राजपूत ने रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

संस्थान द्वारा संचालित दी गुरूकुल स्कूल एवं कॉलेज परिसर, गांव बुढ़ल, जिला उदयपुर में ज्योति बा फूले जयंती समारोह के उपलक्ष्य में सर्वप्रथम प्रातः 7.30 बजे से 9.00 बजे तक विश्वशांति के लिये सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें अधिक से अधिक लोगों ने भाग लेकर पाठ का वाचन किया। जन्म जयंती समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. कैलाश सोडानी, कुलपति गोविन्द गुरू जनजाति विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा एवं अध्यक्ष श्रीमान् दयानंद जी सैनी, पूर्व आर.ए.एस., विशिष्ट अतिथि श्रीमान् बी.एस. कानावत एवं श्रीमती शकुन्तला सोडानी रहे। प्रो. सोडानी ने कहा कि हमें ज्योति बा फूले के जीवन से प्रेरणा से लेकर अपने जीवन को समाज सेवा हेतु प्रेरित करना चाहिए एवं उनके मार्गदर्शन पर अपने जीवन को ढालने की शिक्षा प्रदान की। साथ ही उन्होनें संस्थान निदेशक दिनेश माली को मेवल क्षेत्र में इतने बड़े शिक्षा संस्थान को प्रारम्भ करने के लिये बधाई दी कहा कि इस तरह के वंचित क्षेत्रों में शिक्षा संस्थान प्रारम्भ कर वंचितों को शिक्षा प्रदान करके ही महात्मा ज्योति बा फूले की शिक्षाओं चरितार्थ किया जा सकता है।

प्रो. कैलाश सोडानी ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हेतु डॉ. मनीष सक्सेना, डॉ. एल.एन. चौबीसा, श्रीमती रंजना सालगिया, श्रीमती कौशल्या कंवर, श्री नारायण सिंह रावत, श्री मांगीलाल वैष्णव को उपरणा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ज्योति बा फूले टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की छात्राध्यापिका पूजा बैरागी द्वारा केनवास पर बनाई गई ज्योति बा फूले का चित्र का अनावरण प्रो. कैलाश सोडानी एवं अतिथियों द्वारा किया गया, प्रो. सोडानी ने चित्र की भूरी–भूरी प्रशंसा की।

श्रीमान् सैनी साहब ने महात्मा ज्योति बा फूले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि पूर्वकाल में भारत में छुआछूत एवं महिला शिक्षा की प्रताडना सहन करते हुए भी संघर्षरत रहते हुए भी महिला शिक्षा के उत्थान में अपनी सेवाऐं राष्ट्र को समर्पित की।

संस्थान के संस्थापक श्री दिनेश माली ने बताया कि ज्योति बा फूले के जीवन से अनुप्रेरणा लेकर जनजाति क्षेत्र एवं गरीब तबके के छात्रों को शिक्षा में उत्थान हेतु यह संस्थाऐं प्रारम्भ की गई जिससे सबसे नीचे के स्तर के छात्रों को अपनी शिक्षा स्तर को बढ़ाने का अवसर प्राप्त हो सके।

संस्थान की ओर से निदेशक श्री दिवाकर माली एवं ज्योति बा फूले टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनीष सक्सेना एवं नाहर सिंह माता जन विकास संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति पालरिया ने ज्योति बा फूले एवं सावित्री बा फूले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गए महिला शिक्षा एवं समाज के उत्थान में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर संस्थान के छात्रों द्वारा मनोहर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

**शिवगंज।** महात्मा ज्योति बा फूले की जयंति कार्यक्रम का आयोजन संत शिवचदास जी महाराज के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर भव्य रैली निकाली गई जिसमें सबसे आगे कमाण्डो, रथ पर विराजमान महात्मा ज्योति बा फूले की प्रतिमा, साफे पहनकर स्कूटी पर सवार महिलाओं की टोली एवं मोटर साइकिल पर सवार युवाओं की टीम आकर्षण का केन्द्र रही।

रैली का जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस अवसर पर महात्मा फूले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत चौहान, जिलाध्यक्ष जितेद्र कुमार, अशोक सोंलकी,हितेष परिहार, महेन्द्र कच्छवाह, नारायण लाल परिहार, लक्ष्मण परिहार सहित सैकड़ों समाज बंधुओं ने फूले की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की।







# माली सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन में 51 जोड़ों का हुआ विवाह



चाकसू। माली सैनी समाज सामूहिक विकास परिषद चाकसू की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में आए सभी समाज बंधुओं का नंदन बंधन और अभिनंदन। आयोजकों को धन्यवाद.. आपने 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन करके समाज को फिजूल खर्ची से बचाया और एक नई दिशा दी।

हमारे मुख्यमंत्री जननायक श्री अशोक गहलोत जी को आप ने इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में आमंत्रित किया था लेकिन दिल्ली में मीटिंग होने के कारण वे आपके बीच में उपस्थित नहीं हो पाए उन्होंने संदेश भेजा है जो मैं आपके सामने पढ़ कर प्रस्तुत कर रहा हूं श्री बुद्धि प्रकाश जी कच्छावा अध्यक्ष, मुझे जानकार यह प्रसन्नता है कि माली सैनी समाज विकास परिषद चाकसू जयपुर के तत्वाधान में आज 13 अप्रैल रामनवमी पर 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है सामूहिक विवाह समारोह आयोजन एक अच्छी परंपरा है इससे सामूहिक विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची एवं दिखावे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगता है राज्य सरकार भी इसी उद्देश्य से ऐसे समारोह को प्रोत्साहन देती रही है

मुझे आशा है इस आयोजन से समाज में सामूहिक विवाह के प्रति रुझान पैदा करने के साथ ही अन्य समुदायों के लिए भी प्रेरणादायक रहेगा... मैं सामूहिक विवाह के आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए दांपत्य सूत्र में बंध रहे सभी नव दंपतियों को सुखद, समृद्ध एवं उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित करता हूं – आपका अशोक गहलोत।

साथियों मैं मेरी ओर से भी और राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा और महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से आयोजकों को और तमाम 51 जोड़े जो परिणय सूत्र में बंध रहे हैं इनको मेरी ओर से धन्यवाद और इन नवदम्पतियों को आशीर्वाद.. साथ ही इन के भविष्य की कामना करता हूं कि आप आगे बढ़े समाज का देश का और प्रदेश का नाम रोशन करें यह मेरी ओर से शुभकामनाएं। सामूहिक विवाह सम्मेलन में जब हम जाते हैं तो बड़ी खुशी होती है क्योंकि सामूहिक विवाह सम्मेलन का आगाज, श्री गणेश हुआ था वह राजस्थान की राजधानी जयपुर मोती डूंगरी गणेश मंदिर से .... हमारे स्वर्गीय लल्लू लाल जी सैनी जो कि पार्षद थे उनकी सोच और कल्पना से 1994 में पहला सम्मेलन जयपुर में हुआ था उनकी प्रेरणा से आज राजस्थान की ढाणी, तहसीलों में सामूहिक विवाह का आयोजन होते हैं। साथियों 1 वर्ष में माली सैनी समाज के साढे तीन हजार जोड़े परिणय सूत्र में बनते हैं इससे हम कल्पना कर सकते कि हमारा समाज कितना आगे बढ़ रहा है कितनी फिजूलखर्ची को रोक रहा है इसका आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है

यह एक अच्छी परंपरा है इसके साथ में आपसे निवेदन करना चाहता हूं महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान और माली सैनी समाज की ओर से... कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, लेकिन आज हमें संकल्प लेने की जरूरत है कि हम बेटी बचाने के साथ साथ जमीन को भी बचाएं

साथियों आज विपरीत परिस्थितियां हैं जहां जहां शहर है चाहे वह जयपुर हो, जोधपुर हो या आपका कस्बा चाकसू हो, चाहे सांगानेर हो, हिंदुस्तान का कोई सा भी शहर हो... उन शहर के आसपास हमारा माली सैनी समाज बसा करता था लेकिन जब जब शहरों का विस्तार हुआ उनके साथ साथ हमारे समाज की जमीन बिक गई और विडंबना खड़ी हो हो गई हमारे समाज के सामने की जमीने बेचने के साथ–साथ हम जमीन हीन हो गए.. जिससे आने वाली पीढ़ी के सामने एक संकट खड़ा हो गया! इसलिए मैं आपसे मंच के माध्यम से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं, निवेदन करना चाहता हूं, प्रार्थना करना हूं हमारे बुजुर्गों से युवाओं से कि आप अगर एक बीघा जमीन भेजते हैं तो कम से कम उस के बदले आउटसाइड जाकर कम से कम 5 बीघा जमीन जरूर खरीदें जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी आगे बढ़ सके इन्हीं शब्दों के साथ जय हिंद जय, भारत जय, महात्मा फूले।

## नि:शुल्क सम्मेलन का समस्त खर्च एक ही भामाशाह छोटूलाल माली ने किया

# गंगापुर में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में 51 जोड़ों का हुआ विवाह





गंगापुर। समस्त फूल माली समाज का आदर्श निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन गंगापुर स्थित कृषि मण्डी प्रांगण में आयोजित किया गया। समारोह से पूर्व प्रातः 8 बजे बैंड बाजों के साथ दूल्हे व दुल्हने बिन्दोली व भव्य शोभा यात्रा आमली रोड़ स्थित नीलकण्ठ महादेव से प्रांरभ हुई जो गंगापुर के विभिन्न मार्गों व बाजारों से होती हुई विवाह स्थल पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा का गंगापुर वासियों से जगह–जगह पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। शोभायात्रा में समाज के युवक–युवतियाँ डीजे की धुन पर नाच गाते हुए चल रहे थें। वहीं सजधज कर वर–वधु भी बघिया में बैठे हुए थे। तत्पश्चात् सभी जोडे कृषि मण्डी प्रांगण में पहुंचकर समाज के रीति रिवाज के अनुसार सभी रस्मे पूरी की गई एवं 51 जोड़े पाणिग्रहण संस्कार में बंधे। विवाह सम्मेलन में आये अतिथियों द्वारा वर–वधु को आशीर्वाद दिया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के चैयरमेन औंकारराम कच्छावाह व ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय महासचिव ताराचंद गहलोत थे। गंगापुर माली समाज के अध्यक्ष रामसहाय माली ने बताया कि इस निःशुल्क सम्मेलन का समस्त खर्च एक ही भामाशाह छोटूलाल माली के द्वारा किया गया।

इस सम्मेलन में किसी भी समाजबंधु या वर–वधुओं से कोई सहयोग राशि नहीं ली गई। जबकि सभी जोड़ों को छोटूलाल गोयल, कन्हैयालाल गोयल, मुकेश गोयल व समस्त गोयल परिवारजनों की ओर से सभी जोड़ों को उपहार स्वरूप घर–गृहस्थि के सामान सहित बैड, अलमारी, टी टेबल व चांदी के जेवर भी दिये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कच्छावाह ने सम्बोधित करते हुए आयोजकों को ऐसे आयोजन करने पर आभार जताते हुए कहा कि सामूहिक विवाह करना अच्छी पहल है, इससे फिजुल खर्ची नहीं होती है साथ ही समाज में एक–जुटता से सामाजिक मजबूती भी मिलती है। ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय महासचिव ताराचंद गहलोत ने कहा कि समाज उत्थान के लिये ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। साथ ही समाज उत्थान के लिये समाज के लोगों को अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना है। उन्होंने समाज के लोगों को महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शो पर चलकर समाज को एक नई दिशा देने का आव्हान किया। राज. प्रदेश माली (सैनी) महासभा के जिलाध्यक्ष गोपाललाल माली ने कहा कि समाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिये समाज अपने बच्चें–बच्चियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे। ताकि समाज में शिक्षा का स्तर ओर अधिक मजबूत हो सके। इसके अलावा स्थानीय विधायक कैलाश त्रिवेदी, खमनोर के पूर्व प्रधान पुरूषोत्तम माली, मध्यप्रदेश माली समाज के अध्यक्ष मोहन पटेल (जावरा), रामगोपाल करोडीवाल, चेतन डिडवानिया, हरनारायण माली, धनराज गढ़वाल, आम मेवाड़ चौखला कमेटी के अध्यक्ष देबीलाल अजमेरा, श्याम बनेठिया, कैलाश मण्डोवरा, देबीलाल माली, भीलवाड़ा माली समाज ट्रस्ट अध्यक्ष बंशीलाल माली ने भी समारोह को सम्बोधित किया।

इस सम्मेलन में खास बात यह रही कि एक ही व्यक्ति द्वारा आयोजित सम्मेलन में आये हुए वर–वधुओं एवं समाजजनों को कतई नहीं लगा कि यह सामूहिक सम्मेलन है, क्योंकि इस सम्मेलन में सारी व्यवस्थाएँ घर पर की गई शादी समारोह से भी बढ़ कर थी। इस सम्मेलन का सफल बनाने के लिए रामप्रसाद माली, कैलाश माली, रमेश गोयल, रतनलाल माली, जगदीश गहलोत, प्रहलाद गहलोत, सोनू बागवान, सुभाष माली, द्वारका प्रसाद, अशोक, जयकरण, राजेन्द्र, रवि, भैरूलाल, शंकरलाल व सांवरमल माली सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का संचालन गोपाललाल माली व रामसहाय माली ने किया। इस सम्मेलन में भीलवाड़ा जिले सहित उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, टोंक, पाली, जोधपुर, अजमेर, नीमच, रतलाम जयपुर सहित सैकड़ों गांवों के लोग कई हजारों लोगों ने सम्मेलन में शिरकत की।

माली सैनी संदेश परिवार समाज गौरव भामाशाह छोटूलाल माली का हार्दिक आभार प्रकट करता है जिन्होंने एक साथ 51 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह करवा समाज को नई दिशा प्रदान की है आपके समाज हितार्थ किए गए पुण्य के कार्य के लिए समाज के सभी वर्गो की ओर से हार्दिक अभिनंदन करते हुए हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

## महात्मा जोतीराव फुले का 192वाँ जन्म दिवस 11 अप्रैल

# महात्मा फुले के आदर्शो का मानव समाज

हमारे देश में महात्मा बुद्ध, महावीर स्वामी, मार्टिन लूथर किंग, गुरुनानक, संत कबीर, जैसे स्वप्न द्रष्टा समाज सुधारक हुऐ उन्हीं के उत्तराधिकारी सामाजिक क्रांति के जनक महात्मा जोतीराव फुले 11 अप्रैल 1827 को माली गोविन्दराव के यहाँ जन्म लिया। कहा जाता है कि ''जैसी कथनी, वैसी करनी'' के अनुसार चलने वाले सदियों में ही जन्म लेते है।

क्रांति का मतलब 'आमूलचूल परिवर्तन की चिंगारी' जिसमें फुले ने समाज के पिछड़ो, शोषितों, दलितों पीड़ितो उपेक्षितो, तिरस्कृतों, वहिष्कृतों का व्रत लेकर उनका जीवन सुखी बनाने, शुद्र, अछूत एवं स्त्री जाति का उद्धार करने, शिक्षित करने में सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। कार्ल मार्क्स ने विश्व के मजदूरों का उद्धार का उदघोष किया वहीं फुले ने मजदूरो के साथ किसानों, खेतीहरो के उद्धार के साथ तत्कालीन वैदिक सामाजिक असमानता की व्यवस्था में मानवता मय व्यवस्था की नींव रखने में योगदान दिया।

महात्मा जोतीराव फुले का सम्पूर्ण जीवन संघर्श पूर्ण रहा 1 वर्ष की आयु के पूर्व ही माता चिमना बाई का निधन के बाद मोसेरी बहन सगुणाबाई क्षीरसागर ने लालन पालन किया, 14 वर्ष की आयु में 9 वर्श की सावित्री बाई से विवाह हुआ। तत्कालीन समय में शिक्षा–पिछड़ो–दलितो को पाने का अधिकार नहीं था, फुले की मोसेरी बहन जो एक अंग्रेज के यहाँ काम करती थी, उन्होने मिशनरी स्कूल में भर्ती करवाया, जिसका कड़ा विरोध होने के कारण पिता ने स्कूल भेजना बंद कर दिया। पुनः 14 वर्ष की आयु में स्टाकिश मिशन की अंग्रेजी पाठशाला में विरोध के बाद भी पढ़ने गये व 1847 में अंतिम कक्षा सातवीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। अपने ब्राह्मण मित्र की बारात में निमंत्रण पाकर जाने पर अपमानित हुऐ। शिक्षा को लेकर पिता ने घर से निकाला 1 भाई राजाराम एवं भाभी की प्रताड़ना सही। हत्या के प्रयासो को विफल किया। पत्नि सावित्री बाई शिक्षिका जब पढ़ाने स्कूल जाती आती थी, तो उनपर कीचड़ उछालना, गन्दी गालिया खाना अपमानित होने पर भी अपना लक्ष्य निभाया। पिछड़ी छोटी जाति के होने के कारण शिक्षा पाने, वेदशास्त्र, पुराणो को पढ़ने, सुनने से अधिकार विहीन होने के बाद भी संघर्ष कर शिक्षित हुऐ, व सभी धर्मग्रन्थो का अध्ययन किया। इस प्रकार फुले कठोर संघर्ष करते हुऐ अपनी राह पर आगे बढ़ने में सफल हुऐ।



महात्मा फुले का जीवन, उनके साहित्य, उनके कार्यो का तत्कालीन समय में जो प्रभाव पड़ा उससे उनके अनेक अनुयायी, सहयोगी साथी सभी धर्मों, जातियों वर्णो के लोग थे, उनका सम्पूर्ण लेखन मराठी और अंग्रेजी भाषा में हुआ जिसका प्रकाशन भी हुआ। उनके साहित्य को पढ़कर समाज में व्याप्त अंधविश्वास कुरीतियाँ, जातिभेद, छूवाछूत (अश्पृस्यता), समान रूप से शिक्षा पाने का अधिकार, उन्होंने स्वयं मानव समाज को दिलाया। इसी का परिणाम है, कि महिलाओं को शिक्षा पाने का अधिकार मिला, पुरुषो के समान काम धन्धा करने का अधिकार मिला, पिछड़ो को आरक्षण मिला। बाबा साहेब भीमराव अम्बेड़कर शिक्षित होकर बेरिस्टर बने, राजनेता बने, संविधान निर्माता बने, उन्होंने फुले को अपना गुरू माना।

महात्मा गाँधी ने फुले द्वारा किये गये कार्यो को आदर्श मानकर अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। गांधी ने उन्हे असली महात्मा माना। जस्टिस रानाड़े ने प्रारम्भ में फुले के कार्यो का विरोध किया किन्तु उनकी बहन विधवा हुई तब फुले ने जो पुर्नविवाह प्रारंभ कराये थे, रानाड़े ने भी फुले के आदर्श अपनाकर बहन का जीवन साथी चुना एवं उनके द्वारा स्थापित सत्यशोधक समाज में कार्य किया। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ब्राह्मण होने के नाते फुले के अभियानों के विरोधि थे, किन्तु जब उन्हे जेल से बाहर निकालने हेतु फुले ने जमानत देकर आजाद कराने पर उनके अहसानमंद हो गये।

वर्तमान में जो गैर ब्राह्मण समाज चाहे वे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, मुस्लिम, जाति धर्म के लोगों ने महात्मा फुले की सामाजिक, शैक्षणिक क्रांति के कारण समतामय समाज के जो अधिकार प्राप्त किये, ये सभी लगभग 85 प्रतिशत आबादी फुले की ऋणी है। महिलाओं पर गैर मानवीय प्रतिबन्ध लगे थे, विधवा विवाह, सतिप्रथा, विधवाओं को गर्भवति होने पर उनकी गर्भपात रोककर जन्म ले वाली सन्तानो का लालन पालन, शिक्षा पाने का अधिकार मिला। मजदूरो को मेद्याजी लोखण्डे के माध्यम से संगठित होकर ट्रैड

युनियन अधिकार दिलाना कृषि अनुसंधान, जल संग्रह कर पीने एवं सिंचाई के लिये उपयोग में लेना। ऐसे आदर्श फुले ने स्थापित किये।

फिर समाज में व्याप्त कुरीतिया, रीति–रिवाज, फिजुल खर्ची, धार्मिक आड़म्बर, अंधविश्वास, शोशणमय नारकीय जीवन से छूटकारा दिलाने, साहित्य रचना करने का ऐसा उदाहरण फुले के अलावा इतिहास में मिलना कठिन है।

छत्रपति शिवाजी महाराज की समाधि को रायगढ़ के किले में खोजकर उनको महिमा मंडित करने हेतु अमर पवाड़ा लिखकर फुले की आश्चर्य जनक देन है।

फुले के आदर्शो का समाज आजादी के बाद बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर, जवाहरलाल नेहरू की डिस्कवरी ऑफ इंडिया, महात्मा गांधी के फुले वादी आदर्शों पर चलना, छत्रपति शाहू महराज द्वारा अपने राज्य में आरक्षण देना। पेरियार द्वारा फुले की जीवनी एवं कार्यो से समाज सुधार करना। काशीराम द्वारा बहुजनों को जागृत कर सत्ता एवं संगठन के लिये दबे, कुचले पिछड़े वर्गों को अधिकार सम्पन्न बनाना। अधिकार विहीन जातियों के लोगों को फुले के आदर्शों को समझकर उन्हें अपनाना। मानव समाज में सब को समानता से संगठन बनाने, सत्ता में भागीदारी करने समाज में जागृति लाने, महिलाओं को भी शिक्षित होकर पुरूषों के समान आगे बढ़ने जैसे आदर्श फुले की महान देन है। फुले दम्पत्ति को भारतरत्न पाने की सम्पूर्ण पात्रता है।

महात्मा जोजीराव फुले का 28 नवम्बर 1890 को परिनिर्वाण हुआ। हम उनके आदर्शो को अपना कर असली मानवता का जीवन जी सकते है।

**जय–ज्योति – जय क्रांति**

# दो दिवसीय माँ चामुण्डा, माता का थान मेले का भव्य समापन



जोधपुर। माँ चामुण्डा, माता का थान, मगरा–पूंजला, जोधपुर में पिछले दो दिवस से चल रहे भव्य माँ चामुण्डा मेले का भव्य समापन हो गया, जिसमें आस–पास के ग्रामीण क्षेत्र के साथ लाखों स्थानीय श्रद्धालुओं एवं भक्ति ने मेले का आनन्द लिया।

माँ चामुण्डा मंदिर के पुजारी चन्दनसिंह गहलोत ने बताया कि माँ चामुण्डा विकास समिति, माता का थान, पूंजला, जोधपुर के तत्वाधान में रामनवमी के शुभावसर पर आयोजित दो दिवसीय मेले की शुरूआत दिनांक 13.04.2019 को प्रातः 5.15 बजे महाआरती के साथ प्रारम्भ हुआ, जिसमें दो दिवसीय मेले में माँ चामुण्डा मंदिर प्रागंण में यज्ञ, हवन और कन्या पूजन कार्यक्रम हुए, साथ ही मेला प्रांगण में लगी दुकाने जिसमें झूले, आईसक्रीम, मिठाईयां, खिलौने, चाट, घरेलु सजावट सामान, रंग–बिरंगे कई मनोरंजक कार्यक्रम का मेले में आने वाले सभी महिलाओं, बुजुर्गो एवं बच्चों का लुप्त उठाया।

मेले में ब्लड डोनेशन कैम्प की भी व्यवस्था की गई थी, जिसमें कई लोगों ने जनहितार्थ ब्लड डोनेशन किया। संस्थान की तरफ से निःशुल्क पानी व अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की, जिसमें प्रशासन ने भी अपना सहयोग दिया। इस मेले में रामसागर, बासनी तम्बोलिया, चतुरावता बेरा, खेड़ियाला बेरा, मंदिरवाला बेरा, नवोड़ा बेरा, हिराला बेरा, बोड़िवाला बेरा आदि गैरे सम्मिलित हुई, जिसका माँ चामुण्डा सेवा समिति एवं देवड़ा मार्केट एसोसियेशन द्वारा शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा एवं जलपान के साथ भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम संयोजक जगदीश देवड़ा ने बताया कि आज के इस समापन समारोह में जोधपुर कांग्रेस लोकसभा प्रत्याक्षी वैभव गहलोत अपनी परिवार सहित पधारें और उन्होने माँ चामुण्डा के दरबार में माथा टेक अपनी जीत हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर पूंजला क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

इस मेले में महेन्द्र सिंह परिहार, कालूसिंह गहलोत, अर्जुनसिंह परिहार, डूंगरसिंह गहलोत, जगदीश गहलोत, धर्मेन्द्र गहलोत, रामदयाल गहलोत, पृथ्वीसिंह गहलोत, चन्द्रसिंह गहलोत, भागीरथ परिहार, सुभाष गहलोत, युधिष्ठिर गहलोत, यश सोलंकी, सहित संस्थान के कई गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति सहित सेवाएं दी।



## हार्दिक बधाई

**श्री जगदीश देवड़ा को जोधपुर फोटोग्राफर एसोसिएशन के सह सचिव निर्विरोध निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।**

**आप समाज के सभी कार्यक्रमों में निशुल्क अपनी सेवाएं वर्षों से दे रहे हैं यही नहीं माली सैनी संदेश परिवार में आप पिछले 18 वर्षो से निर्विघ्नं सेवाएं प्रदान कर रहे हैं हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।**

# समाज के परिवार को नकाबपोश पत्थरबाजों ने चुन–चुनकर बनाया निशाना दशहत में बिलखती रहं महिलाएं –बच्चियां, अभी तक नहीं मिला है न्याय

## दो दिन पूर्व की घटना में पुलिस की सहायता करने पर मनीष गहलोत बना निशाना

**महिलाओं बच्चों के साथ घर में घुसकर की मारपीट**

**घर में खड़ी गाडियों को जलाया**

**सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने नहीं ली सुध**

**अभी भी नहीं मिला है न्याय**





जोधपुर। रामनवमी शोभायात्रा के बाद 13 अप्रेल, शनिवार वापस सूरसागर की तरफ लौट रहे कुछ युवक नारे लगात निकले तो वहां कुछ शरारती तत्वों ने उन पर पथराव कर दिया। कुछ ही देर में जबरदस्त तनाव की स्थिति बन गई औन दोनों गुटों ने एक दूसरे पर पथराव किया। भीड़ ने मुख्य मार्ग स्थित दुकानों पर भी पथराव किया। वहीं कुछ लोगों ने समाज के एक मनीष गहलोत के परिवार के सदस्यों के साथ घर में घूस कर न केवल मारपीट की उनके घर में खड़ें वाहनों को तोड़ फोड़ करके आग के हवाले कर दिया। घर में सामाजिक आयोजन के चलते महिलाओं एवं बच्चों की काफी संख्या में उपस्थिति थी लेकिन उपद्रवियों ने घर में घूस कर जिस प्रकार महिलाओं एवं छोटी बच्ची के साथ मारपीट कर तोड़ फोड़ की घर के सभी लोगों ने ईधर उधर भाग कर अपनी जान बचाई। उपद्रवियों ने घर में खड़ें वाहनों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस को सुचना देने के बाद कम संख्या में होने के कारण उपद्रवियों को कंट्रोल नहीं कर पाई।

उपद्रवियों ने पुलिस पर भी पथराव कर पुलिस कर्मियों को न केवल घायल किया उनके वाहनों के कांच भी फोड़ दिए। घटना दो दिन पूर्व हुई लड़ाई के बाद समुदाय विशेष के लोगों ने माली समाज के रहवासी इलाकों में इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया। पुलिस मूक दर्शक बन कर तमाशा देखती रहीं बाद में स्थिति को संभालने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल ने आकर डंडे फटकारें तब कहीं जा कर उत्पाती वहां से भागे।

ज्ञात रहे इस उपद्रव से दो दिन पूर्व मोटर साईकिल सवार के साथ मामूली कहासूनी होने पर समुदाय विशष के लोगों ने लड़कों को मारा व उनकी गाड़ी तोड़ दी इस घटना की सीसीटीवी रिकोर्डिग समाज के मनीष गहलोत के घर के बाहर लगे केमरे में रिकॉर्ड हो गई। मनीष गहलोत ने यह रिकॉर्डिग पुलिस को सौंप दी इसके बावजूद पुलिस ने उत्पाती युवकों पर कार्यवाही नहीं की। जिससे समुदाय विशष के युवकों का साहस बढ़ गया ओर उन्होंने मनीष गहलोत को धमकी दी तथा उसके घर में घूसकर उपद्रव मचाया। दो दिन पूर्व ही रामनवमी समिति के सदस्यों ने पुलिस को आगाह कर दिया था लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने उत्पाती युवकों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की समिति के सदस्यों ने पूर्व में ही सूचना दे दी थी की इनके घरों की छतों पर बियर की बोतलें, पत्थर इक्ठठे कर रखे है तथा यह अनेकों बार उत्पात करते है लेकिन पुलिस की कठोर कार्यवाही नहीं होने के कारण उत्पाती युवकों ने एक बार फिर क्षेत्र में समाज के लोगों को निशाना बना कर उनके साथ मारपीट कर उनके घरों में घूसकर वाहनों को आग के हवाले कर दिया। यहीं नहीं पुलिस ने उत्पाती युवकों को न पकड़ कर समाज के बेकसूर युवकों को घरों से निकाल कर थाने में ले जा कर मारपीट की तब घटना के विरोध में राजनेतिज्ञ पार्टी के नेताओं ने पुलिस स्टेशन के बाहर धरना प्रदर्शन किया तब कही जाकर पुलिस ने र्निदोष युवकों को आधी रात को छोड़ा।

मनीष गहलोत ने बताया कि घटना की पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवाने के बावजूद पुलिस ने अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं की है। अनेकों बार पुलिस अधिकारियों से निवेदन किया है कि वो जल्द उपद्रवियों को पकड़ कठोर कार्यवाही करे। मनीष गहलोत के परिवार के लोग घर में स्वयं को कैद कर दिन रात पुलिस के पहरे में अपनी जान बचाने का यत्न कर रहे है। मनीष गहलोत ने बताया कि अगर जल्द कठोर कार्यवाहीं नहीं की जाती है तो उसे एवं परिवार को मजबूरन वहां से घर खाली करके दूसरी जगह जाना होगा। इस घटना के अनेकों दिन बीत जाने के बाद भी समाज की संस्थाओं के पदाधिकारियों ने इस परिवार की सुध अभी तकी नहीं ली है जिससे परिवार के साथ समाज के सभी वर्गो में भारी रोष व्याप्त है। परिवार के सदस्य किशन सिंह गहलोत ने बताया कि वे सामाजिक संस्थाओं से वर्षो से जुड़ें हुए है तथा नथमल गहलोत चैरेटिबल ट्रस्ट के माध्यम से समाज को लाखों रूपये की आर्थिक सहायता प्रति वर्ष करते है लेकिन उनके परिवार के उपर जब यह ह्रदय विदारक घटना हुई तब समाज की संस्थाओं के पदाधिकारियों ने उनके परिवार को नहीं संभाला और न ही घटना के विरोध में पुलिस एवं प्रशासन पर किसी प्रकार का ज्ञापन देकर उपद्रवियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की। परिवार की महिलाओं के साथ छोटी बच्ची का इंटरव्यू जब मिडियाकर्मियों ने लिया तो सभी फफक फफक कर रो पड़ें मिडिया कर्मी भी इस घटना से आहत दिखे।

**कब होगा न्याय**

**रामनवमी जुलूस में हुए दंगे में मेरे घर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा आगजनी व पत्थर बाजी की गयी उसकी मैंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की अभी भी अभियुक्त खुले घूम रहे हैं अपना राजनीतिक रसूख का लाभ ले रहे हैं एवं साथ ही पुलिस का भेदभाव पूर्ण रवैया मुझ पर अलग–अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है एवं उल्टा मुझे ही पाबंद किया है प्रशासन मेरी अनदेखी कर रहा है। सरकार एक तरफा काम कर रही है और हमें न्याय नहीं मिल रहा है जबकि अभी सरकार की चुनावी थीम है – अब होगा न्याय**

– मनीष गहलोत, पीड़ित सूरसागर निवासी

## डॉ दुर्गा शंकर सैनी बनें IMA के प्रदेश उपाध्यक्ष



कोटा। श्री मंगलेश्वर महादेव व्यायामशाला छावनी के पहलवानो ने डॉ दुर्गा शंकर सैनी के इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वचित होने पर अखाड़ा परिसर में आतिशबाजी कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। श्री मंगलेश्वर महादेव व्यायामशाला, छावनी के फिजियो ट्रेनर व मुख्य सालाहकार सामाजिक कार्यकर्ता सम्मानीय डॉ दुर्गा शंकर सैनी के भारत के सबसे बड़े चिकित्सक संगठन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान (IMA) के प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वचित होने पर आखाड़े के पहलवानो द्वारा मिठाइयों बाटकर आतिशबाजी साफा धारण करा अभिनंदन किया।डॉ सैनी हमारे आखाड़े व कोटा के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता है।

इस अवसर पर डॉ दुर्गा शंकर सैनी ने अखाड़े के गुरु श्री नाथूलाल पहलवान से आशीर्वाद लिया और कहा कि राजस्थान में डॉक्टर्स, आमजन, राज्य सरकार के मध्य सामंजस्य स्थापित कर चिकित्सको की समस्यों के साथ साथ आम जनो के हितों के लिए सतत संघर्ष जारी रखेंगे चिकित्सा के क्षेत्र में नए नए अनुसान्धन पर मुख्य फोकस रहेगा और सरकार से आम गरीबो मरीजो के हित मे नीतियां बनाने के लिए आग्रह करेगे। इस अवसर पर आखाड़े के गुरु नाथूलाल पहलवान ने कहा कि डॉक्टर्स के संघ में सबसे युवा चिकित्सक है जो इस पद पर निर्वाचित हुये है इनका श्रीमंगलेश्वर व्यायाम शाला में वर्षो से अतुलनीय योगदान रहा है

इस अवसर पर गुरु नाथूलाल पहलवान,कवि ओम प्रकाश ,पार्षद जगदीश मोहिल, अध्यक्ष राजू टाँक, पुष्पलता, भानु पहलवान, डॉ अभिमन्यु, रोहित खरनिवाल, शोभराज पहलवान सहित अखाड़े से जुड़े सेकड़ो प्रभुदजन व पहलवान उपस्थित रहे।

## जुगलकिशोर सैनी एवं जितेंद्र मावर बनें अध्यक्ष

हरदा। महात्मा ज्योतिबां फुले माली समाज मध्य प्रदेश अध्यक्ष श्री नितेश राजौरिया जी ने संरक्षक श्री रामचंद्र जी सैनी एवं संयोजक श्री हुकुम चंद जादम जी की सहमति से महात्मा ज्योतिबां फुले माली समाज मध्य प्रदेश की कार्यकारिणी में युवा समाजसेवी श्री जुगल किशोर सैनी जी को हरदा जिला अध्यक्ष एवं श्री जितेंद्र मावर जी को रतलाम जिला अध्यक्ष नियुक्त किया आशा है आप माली समाज के पित्तृ पुरुष महात्मा ज्योतिबां फुले जी के पद चिन्हों पर चलते हुए माली समाज की एकता अखंडता के लिए सतत कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर श्री संदीप जग्दी देवेंद्र बारवाल ललित भिटरवाल शांतिलाल सैनी कमल बामनोसिया विजय पालडिया महेश बारवाल पवन राजौरिया सतीश बाम्डोसिया चंदू टांक नितिन सांखला महेश माली दिनेश विदा पटेल राजेश माली पप्पू कछावा एवं समस्त माली समाज जनों एवं संगठन कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी

## शीतला माता मेलें में उमड़ें समाज के सभी वर्ग



सोजत। माली समाज होली व शीतला माता महोत्सव को लेकर समाज द्वारा किले व शीतला माता मेले में भव्य गैर निकाल कर भारतीय परंपरा व संस्कृति को जीवित रखने में भरपूर योगदान दिया। माली समाज बड़ा वास के चौधरी संपत राज टांक पावटी का बास के चौधरी तारा चंद सैनी मेहंदी वाले नयापुरा के चौधरी केवल चंद जी टाक इन सभी अपनी अपनी हताई से अलग अलग गैरे निकालकर राजस्थानी वेशभूषा में बढ़–चढ़कर जोर शोर से मेले मे गैरों का प्रतिनिधित्व किया गया। संपूर्ण शहर वासियों ने माली समाज की गैरों का पुष्प वर्षा से स्वागत अभिनंदन किया गया।

प्रशासन द्वारा भी गैरों को मान सम्मान देकर सम्मानित किया गया।यह शीतला माता का मेला पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा मेला जाना जाता है इस मेले में इस साल कम से कम 250000 श्रद्धालु पहुंचे। मेले मे तरह–तरह की व्यंजनों की दुकानें खिलौने की दुकान, विभिन्न प्रकार के झूले हाट बाजार मनियारी बाजार लोह बाजार और पार्लर बाजार से भी मेला सजाया। मेले का मुख्य आकर्षण बड़े झूले वह गैरे रही। यह मेला 8 दिन तक भरा जाता है। इस मेले के लिए कलेक्टर द्वारा भी अवकाश घोषित किया जाता है।

समाज के सभी पंच चौधरी व गैरीयो वह स्वजातीय बंधुओं ने बढ़–चढ़कर होली व शीतला माता मेले का आनंद लिया।





# अजमेर माली समाज के 14 वें सामुहिक विवाह सम्मेलन की गणेशजी की प्रसादी व कन्या दान उपाहार वितरण सम्पन्न






अजमेर। जिला माली(सैनी) सामुहिक विवाह सम्मेलन समिति के तत्वधान मे हाल मे हुये 14 वां सामुहिक विवाह सम्मेलन 08 मार्च को आजाद पार्क मे सफलता पूर्वक समपन्न होने पर श्री गजानंद जी महाराज की प्रसादी तथा समाज द्वारा प्राप्त कन्या दान राशि से उपहार–वितरण कार्यक्रम आज मनुहार गार्डन,सात पिपली,आर्दश नगर मे सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्री त्रिलोक चन्द्र इन्दौरा थे।इस अवसर पर सामुहिक विवाह समारोह सफलता पुर्वक सम्पन्न होने पर समिति को बधाई दी। अध्यक्षता कन्हैया लाल दग्दी ने की।

विशिष्ठ अतिथियो मे हनुमान प्रसाद कच्छावा, टिकम चन्द्र टांक, चांद मल टांक, सेवाराम चौहान, कांवर लाल सौलंकी प्रमुख थे। इस कार्यक्रम मे समाज बंधुओं ने होली स्नेह–मिलन समारोह भी बनाया जिसमें महेन्द्र चौहान, कमला महावर ने होली पर फाग गाया, पुजा माली, आयुशी,ने नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही इससें पुर्व समिति की साधारण सभा की कार्यवाही की पुष्टि की गई। जिसमे समाज का अगला सामुहिक विवाह सम्मेलन की तिथि, रूपरेखा पर विचार–विमर्श किया गया। कार्यक्रम मे सभी 10 जोडें को वाशिंग मशीन व सिलाई मशीन उपहार भेंट की। इस मौके पर उनके माता–पिता, परिवार सहित उपस्थित थे। मंच का संचालन माकन मारोठिया ने किया।

समिति के सभी कार्यकर्ता का सम्मान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष धीसु गढवाल, सुरेन्द्र चौहान, प्रदीप कच्छावा, मुरलीधर चौहान, रूप चन्द्र भाटी, सुगन चन्द्र उवाना, नेमीचंद बबेरवाल, सेवा राम चौहान, पुनम चन्द्र चौहान, गोपी जादम, यशोदा नंदन चौहान, रमेश कच्छावा, बाबू लाल सांखला, ओम प्रकाश चौहान, नौरत कच्छावा, राम नारायण भाटी, भागवान स्वरूप भाटी, करण बनिष्ठीयां, खुश्बु भाटी, पुनम मारोठिया, ओम नारायण पालरिया, शंकर टांक, गोरधन सिंह चौहान, राजकिशोर सांखला, शैलेंद्र सतरावला, ब्रजेश पंवार, कैलाश भाटी,सोहन लाल तुनवाल,मोती सिंह सैनी, श्रीमति मनोरमा परिहार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।





## महासभा के युवा अध्यक्ष निर्मल सोलंकी का हुआ निधन

### समाज में शोक की लहर



जोधपुर। 29 अप्रेल, 19 की रात्रि को समाज के युवा समाजसेवी एवं सभी के प्रिय निर्मल सोलंकी का ट्रेन हादसे में निधन हो गया। निर्मल सोलंकी समाज माली महासभा के जोधपुर जिलाध्यक्ष थे तथा समाज के युवाओं के चहेते थे हर दम चेहरे पर मुस्कार एवं सभी के साथ मित्रवृत सहयोग की भावना से सभी के दिलों में राज करने वाले निर्मल के निधन से हर कोई सकते में आ गया। अभी एक दिन पहले की सुमेर स्कूल प्रांगण में निर्मल अशोक जी की मिटिंग के लिए सभी का सहयोग कर रहा था यहीं नहीं वो चुनाव वाले दिन अशोक गहलोत के सुपुत्र वैभव गहलोत के लिए कैंपेनिंग भी कर रहे थे। लेकिन 29 की रात को अचानक जब यह खबर आई तो हर किसी को विश्वास नहीं हुआ। सभी ने एक दूसरे को फोन कर घटना की जानकारी ली इसके बाद सोशियल मिडिया निर्मल मय हो गया पूरे फेसबुक में करीब 600 से 700 पोस्टों में समाज के युवा निर्मल के निधन पर सभी वर्गो ने शोक प्रकट किया। उनकी अंतिम यात्रा में समाज के सभी वर्गो ने भाग लिया। निर्मल के तिसरे एवं बाहरवें के संयुक्त उठावणे में समाज के प्रबुद्वजनों के साथ अनेकों सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने व्यक्तिगत उपस्थित होकर एवं शोक संदेश के माध्यम से निर्मल के निधन पर शोक प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। निर्मल सोलंकी के परिवार में एक सुपुत्री एवं सुपुत्र है उनके दोनों भाईयों, माता पिता एवं धर्मपत्नी को यह बहुत बड़ा आघात लगा है।

निर्मल सोलंकी पावटा सेटेलाईट हॉस्पीटल में मेल नर्स पर संविदाकर्मी लगे थे तथा हमेशा एक फोन कॉल पर किसी भी बिमार व्यक्ति की सेवा के लिए आ जाते थे। इसके साथ ही सोशल मिडिया पर भी बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान चला रहे थे। निर्मल ने सामाजिक संस्थाओं में समाज के युवा वर्ग को जोड़नें के साथ सामाजिक आयोजनों में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था उनकी पुरी टीम हमेशा सामाजिक आयोजनों में कार्य करती थी। आप गौसेवा के रूप में कामधेनु सेना से भी जुड़े हुए थे। समाज के साथ ही जोधपुर ने समाजसेवा के प्रायः युवा निर्मल सोलंकी को खोया है जिसका रिक्त स्थान भरना मुश्किल है।

माली सैनी संदेश परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि निर्मल की दिवगंत आत्मा कों चिर शांति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान दे साथ ही परिवार को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## फिलीपींस में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी अपूर्वी सैनी



सहारनपुर। सहारनपुर में जन्मी हाल ही में रूबरू फेस ऑफ इंटरनेशनल इंडिया 2019 का खिताब जीतने वाली अपूर्वी सैनी अब फिलीपींस में फेस ऑफ ब्यूटी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। अर्पूवी की ओर से उनके परिजन जे. डी. कौशन सैनी ने यह जानकारी दी।

सैनी ने बताया कि अर्पूवा अपनी जन्मभूमि सहारनपुर से खासा लगाव रखती है। अर्पूर्वी ने 19 साल की आयु में मॉडलिंग से करियर की शुरूआत की और 21 की आयु में रूबरू मिस इंडिया एलीट 2019 का खिताब जीता। इससे पूर्व भी अपूर्वी ने कई खिताब जीते।

वर्तमान में वह चैन्नई में एम. आर. एम. यूनिवर्सिटी में बी. टेक की छात्रा है। उन्हें एक्टिंग, सिंगिग, डांसिंग के अलावा लिखना पंसद है। सामाजिक कार्यकर्त्ता के तौर पर भी अपूर्वी कार्य कर चुकी है। जैसे कि सैनेटरी नैपकिन बांटना, केरल के लिए फंड जुटाना। रूबरू मिस इंडिया एलीट जीतने के बाद अपूर्वी अब फिलीपींस में फेस ऑफ ब्यूटी का ताज जीतकर माता पिता के साथ देश को गौरवान्वित करना चाहती है।

## भावना माली का भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम में हुआ चयन

पाली। भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम में पाली की युवा भावना माली का चयन हुआ 1 से 7 मई तक जकार्ता इंडोनेशिया में होने वाली एशियन चौंपियनशिप महिला वर्ग की टीम में भावना शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी।

भावना का भारतीय टीम में चयन होने पर जिला सॉफ्टबॉल संघ के पदाधिकारियों ने स्वागत कर शुभकामनाएं दी संघ के अध्यक्ष हेमशंकर शर्मा ने बताया कि भावना इस खेल के प्रति काफी रुचि रखती है वह राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर चुकी है। अभी हाल ही में जनवरी माह में आयोजित सीनियर महिला सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता नागपुर में आयोजित हुई थी जिसमें भावना के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर यह मुकाम प्राप्त किया।

भावना के भारतीय टीम में सलेक्शन होने पर विधायक ज्ञानचंद पारीक, चेयरमैन महेंद्र बोहरा, संघ के नारायण सिंह राजपुरोहित, कमला भाटी, लक्ष्मण सिंह गहलोत, मूल सिंह भाटी, लेखराज शर्मा, विजय सिंह, भंवर लाल, अंजू गुप्ता, रवी परिहार, मनदीप सिंह सहित अन्य खेल प्रेमियों शुभकामनाएं दी संघ के सचिव ने बताया कि भावना दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी जहां राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच भावना को प्रशिक्षण देंगे इसके बाद 30 अप्रैल को जर्काता के लिए रवाना होगी।

# सीएम से भेंट कर राठोड़ी कुंआ स्कूल क्रमोन्नत करने की मांग





नागौर। माली सैनी कर्मचारी विकास समिति नागौर के 40 सदस्यों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने जयपुर सीएमओ में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। अध्यक्ष आनंदसिंह कच्छवाह ने बताया कि जयपुर में आयोजित ओबीसी सम्मेलन में नागौर से रमेशचंद्र सोलंकी, बजरंग सांखला, डॉ. अर्जुनराम सांखला, रामनिवास भाटी ने सीएम के समक्ष अपनी बात रखते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सचिव राजेन्द्र पंवार, मनफूल सैनी, कृपाराम गहलोत, संरक्षक डॉ. शंकरलाल परिहार ने सीएम को संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज का चित्र भेंट किया। डांग विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सेवानिवृत आईएएस सत्यनारायण सैनी ने अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचने को कहा।

समिति के पन्नालाल सांखला, राधाकिशन सैनी, कालूराम पुखराज देवड़ा व रामकुमार भाटी ने मुख्यमंत्री को अमरपुरा धाम के बारे में बताया। महावीर प्रसाद तंवर, श्रवण कुमार भाटी व नरसीराम सांखला ने नागौर में ताऊसरा रोड़ पर बन रहे माली समाज छात्रावास व निःशुल्क कोचिंग कक्षओं की कार्य योजना के बारे में बताते हुए आगामी समय में इसके उद्धघाटन के लिए मुख्यमंत्री को निमंत्रण दिया। समिति की ओर से सौपें गए ज्ञापन में नागौर जिला मुख्यालय पर छात्रों के लिए एकमात्र उच्च माध्यमिक विद्यालय होने की दृष्टिगत रखते हुए राठोड़ी कुंआ को उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने वैभव गहलोत एवं राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी निदेशक डॉक्टर बजरंगलाल सैनी से भेंट की। इस अवसर पर रामकिशोर, चांदमल, सुरेंद्र टाक, विनोद, हुक्मीचंद गहलोत, सज्जन, नरेश सैनी, चैनाराम, प्रमोद, अविनाश, हरीकिशन, रामललाल, विमलेश, अर्जुन, गौत्तम, रूपकिशोर भाटी एवं मनीष भाटी आदि मौजूद थे।

# काजल सैनी का वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में हुआ चयन



रोहतक। चीन तथा जर्मनी में होने वाली आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के लिए रोहतक की बेटी राइफल शूटर काजल सैनी का चयन भारतीय टीम में किया गया है चौथी रैंक प्राप्त काजल वर्ल्ड कप के थ्री पोजीशन राइफल इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी चीन के बीजिंग शहर में यह वर्ल्ड कप टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।

जबकि जर्मनी के बीच शहर में इसका आयोजन 24 से 30 मई तक होगा स्थानीय सैनिक पूरा कॉलोनी निवासी काजल सामाजिक संगठन रेडी टू हेल्प के संस्थापक विजय सैनी की सुपुत्री है काजल के कोच ओहल्याण शूटिंग एकेडमी के संचालक मनोज कुमार ने बताया कि काजल ने फरवरी में दिल्ली में हुए आईएसएसएफ वर्ल्ड कप की टीम में खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया उसके इस प्रदर्शन को देखते हुए भारतीय टीम में उसका चयन हुआ उम्मीद है वर्ल्ड कप में भी इससे अच्छा प्रदर्शन करते हुए काजल समाज एवं देश को गौरवान्वित करेगी।

काजल का भारतीय टीम में चयन होने से परिजनों में खुशी का माहौल है काजल के पिता ने कहा की काजल की इस उपलब्धि से घर में उत्साह व आनंद का आलम है चीन में होने वाले दोनों ही वर्ल्ड कप में विश्व भर के टॉप शूटर हिस्सा लेगें। लेकिन उन्हें विश्वास है कि काजल का प्रदर्शन अच्छा रहेगा उन्होंने बताया कि काजल फिलहाल दिल्ली के कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में वर्ल्ड कप की तैयारी कर रही है काजल की माता सुनीता सैनी का कहना है कि भारतीय टीम में चयनित होने के लिए उसकी बेटी में काफी मेहनत की और वह आश्वस्त है कि काजल वर्ल्ड कप में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करेगी।

**काजल ने जीते थे 6 मैडल :–** पिछले 2 सालों से नेशनल चौंपियनशिप के राइफल शूंटिग इवैंट के सीनियर वर्ग में हरियाण की तरफ से सर्वाधिक मेडल जीतने वाली महिला खिलाड़ी है। पिछले साल नवंबर में केरला 62वीं नेशनल चैम्पियनशिप 2018 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए काजल ने तीन गोल्ड 1 सिल्वर कथा दो ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं थे। इससे पूर्व दिसंबर 2017 में हुई नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में भी इस युवा शूटर ने तीन मेडल जिनमें एक गोल्ड और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे इसके अलावा काजल ने पिछले साल जयपुर में संपन्न हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शूटिंग चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था जिसके आधार पर उनका चयन मलेशिया हुई वर्ल्ड यूनिवर्सिटी शूटिंग चौंपियनशिप के लिए भी किया गया था।

# गुरनाम सैनी को फिर मिली सभा की चौधर, दूसरी बार बने प्रधान



कुरूक्षेत्र। सैनी समाज सभा के चुनाव में गुरनाम सैनी उदारसी को एक बार फिर सैनी समाज सभा की चौधर मिली है। गुरनाम सैनी दूसरी बार तीन साल के लिए सभा के प्रधान चुन लिए गए। पहली बार सर्वसम्मति से उन्हें प्रधान चुना गया था। इस बार चुनाव जीतकर दूसरी बार सभा की जिम्मेदारी उन्हें मिली।

सभी 116 कॉलेजियम ने चुनाव में हिस्सा लिया। इसमें से एक वोट रद्द हुई। गुरनाम सैनी ने एकतरफा मुकाबले में 115 में से 103 मत हासिल कर जीत दर्ज की। वहीं उनके मुकाबले में खड़े राजेश कुमार को 12 वोट मिले। वहीं वरिष्ठ उप प्रधान पद पर लछमणदास सैनी ने 83 वोट हासिल की। जबकि उनके विरोधी श्यामसुंदर जोगीमाजरा को 32 वोट मिले। उपप्रधान पद पर 92 मतों के साथ सतीश सीवन विजयी रहे। जबकि उनके विरोधी सुखदेव सिंह को 24 वोट हासिल हुए। सचिव पद पर लगातार दूसरी बार कुशलपाल सैनी ने 87 वोट लेकर जीत हासिल की। वहीं विरोधी करनैल सिंह खेड़ी ब्राह्मणा को 29 मत प्राप्त हुए। सहसचिव पद पर कुरुक्षेत्र निवासी रामस्वरूप और कोषाध्यक्ष पद पर दर्शनलाल सैनी सर्वसम्मति से चुने गए।

सैनी समाज सभा के चुनाव में प्रधान से लेकर सभी पदों पर गुरनाम सैनी के पैनल ने जीत दर्ज की। गुरनाम के पैनल को जहां उगता सूरज चुनाव चिन्ह मिला था। वहीं प्रधान पद के दूसरे प्रत्याशी अग्रसेन चौक कुरूक्षेत्र निवासी राजेश कुमार को छतरी का चुनाव चिन्ह मिला था। प्रत्येक पद पर उगता सूरज चुनाव चिन्ह वाले उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। जबकि छतरी चुनाव चिन्ह के साथ प्रधान सहित अन्य किसी पद पर कोई पदाधिकारी जीत दर्ज नहीं कर सका।

समाज को शिक्षित करने का करेंगे प्रयासः सभा के प्रधान चुने गए गुरनाम सैनी ने कहा कि जो जिम्मेदारी समाज ने उन्हें दी है पूरी कार्यकारिणी समाज क सहयोग से बेहतरी का प्रयास करेगी। विशेषतौर पर समाज को एकजुट रखने और कुरीतियों का यत्न करने का प्रयास सभा का रहेगा। समाज पुरी तरह शिक्षित हो, इसके लिए सभा अपने स्तर पर प्रयास करेगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद गुरदयाल सैनी, गुरनाम सिंह गजलालना, सुभाष सैनी, धुराला, डॉ ओमप्रकाश सैनी, पूर्व प्रधान बलजीत सैनी, करनेली सिंह सरपंच हरिपुर, सुरेशपाल अलरावर, रणसिंह अजरावर, छत्रपाल प्रतापगढ़, बाबूराम कैथल, वीरभान सैनी, कैथल सैनी समाज प्रधान धर्मवीर सैनी, मुकेश सैनी, सूरजीत सैनी, सुभाष कसीथल और नायमसिंह माजरा मौजूद थे।

# खंडार में आयोजित सामूहिक विवाह में 31 जोड़ें बंधे परिणय सूत्र में

खंडार में माली समाज के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार देर रात पाणिग्रहण संस्कार व विदाई समारोह के साथ संपन्न हुआ।

इस दौरान समाज के 31 जोड़े परिणय बंधन में बंधे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंडार विधायक अशोक बैरवा थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि अशोक बैरवा ने वर वधुओं को आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखमय दाम्पत्य वैवाहिक जीवन की मंगल कामना करते हुए सम्मेलन समिति के आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### उपहार भेंट किए

इस मौके पर समाज द्वारा सभी वर वधुओं को अनेक तरह के उपहार एवं वधुओं को आभूषण भेंट किए गए। सम्मेलन में राजस्थान तथा मध्यप्रदेश सहित दूर दराज के स्थानों से भारी संख्या में माली समाज के लोगों ने भाग लिया।

### उल्लेखनीय कार्य करने वालों का किया सम्मान

सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी महेंद्र सैनी ने बताया कि सम्मेलन समाप्ति के बाद सम्मेलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सभी कार्यकर्ताओं का समाज द्वारा साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद ठाकुरजी को सम्मेलन स्थल से यथा स्थान मंदिर पर बैंडबाजों के साथ पहुंचाया गया। इस दौरान कार्यकर्ता नाचते गाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर सम्मेलन समिति के अध्यक्ष श्योराम माली माली, उपाध्यक्ष फूल्या माली, कोषाध्यक्ष गोपाल माली, संरक्षक रामजीलाल सैनी एवं सैनी समाज खंडार के अध्यक्ष रमेश सैनी, सोनू, हनुमान, प्रकाश, बनवारी, महेंद्र सहित समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

# रजनी खडोलिया व मनु सैनी को एफएम ने किया सम्मानित




जयपुर। बधिर बच्चों के लिए किए गए सामाजिक कार्यों के लिए किया गया सम्मानित। फेयर एंड लवली के द्वारा प्रस्तुत होटल हॉलिडे इन मे हुए 95 एफएम तड़का वीमेन रिकॉग्निशन अवार्ड – सीजन 7 (डब्ल्युआरए) मे देश मे अपनी विशेष पहचान बनाने वाली शहर की महिलाओं को पाँच केटेगिरी में सम्मानित किया गया।

बहुत से लोगों ने अपना नाम नोमिनेट किया जिसमे प्रत्येक व्यक्ति की उम्मीद की संस्थान अध्यक्ष रजनी खडोलिया को FM तड़का के द्वारा Heart of Gold अवार्ड मिला। जिसमें अध्यक्ष रजनी खडोलिया व फाउंडर मनु सैनी को उनके द्वारा किये जा रहे दिव्यांग बच्चों के शिक्षा व सर्वांगीण विकास के कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। संस्थान की अध्यक्ष रजनी खडोलिया व फाउंडर मनु सैनी ने बताया कि हमे इस अवार्ड को लेते हुए बहुत ही हर्ष की अनुभूति हो रही है आज हमें इस संस्थान को चलाते हुए तीन वर्ष पूरे हो चुके आम जनता के सहयोग के बिना ये सब कर पाना नामुमकिन था, आगे भी हम अपना बेहतरीन करते रहेंगें ओर हमारा असली अवार्ड है आप सबका विश्वास प्यार व साथ है।

# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा

श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर

श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, कुड़ी फार्म, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी

# जोधपुर में फ्यूचर प्लस क्लासेज का भव्य आगाज





जोधपुर। जोधपुर में सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अमृतलाल सांखला (आर.ए.एस.भर्ती 2012 चयनित) के मार्गदर्शन, डॉ. यशवन्तराज गहलोत द्वारा संचालित फ्यूचर प्लस क्लासेज का मानजी का हत्था,पावटा में भव्य आगाज हुआ। शिक्षाविद,प्रशासनिक अधिकारी एवं समाज के गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे।

अमृतलाल सांखला ने बताया कि आजकल कोचिंग क्षेत्र इंडस्ट्री का रूप बन गया है,ऐसे में विज्ञापनों एवं विपणन कियाकलापों पर मोटे खर्च ने शिक्षा की गुणवता,सेवा और समपर्ण के भाव को गौण बना दिया है। ऐसे सर्वाधिक क्षति ग्रामीण परिवेश के युवा को हुई,जो मोटी रकम खर्च करने के बाद भी गुणवतापूर्ण पढ़ाई से वंचित रह जाते है और अपने कैरियर का प्राईम टाईम कोचिंग संस्थानों के चयन/समीक्षा में व्यथित हो जाता है। ऐसे में सरकारी सेवा में चयन के बाद भी कोचिंग इंडस्ट्री में गुणवता और सेवाभाव स्थापित करने के उद्वेश्य से फ्यूचर प्लस का विचार अंकुरित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रेमचन्द सांखला ने फ्यूचर प्लस क्लासेज को जॉब एडवांसमेन्ट के लिए बेहतरीन विकल्प बताया है उन्होने फ्यूचर प्लस टीम को एक स्ट्रॉग टीम बताया तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह मे इनके अलावा प्रकाशचन्द सैनी(सहायक सचिव राज. विधानसभा) ,ऊंकारराम कच्छावाह (अध्यक्ष राजस्थान माली महासभा) इमरान खान (चयनित आर.ए.एस.2016), माधोसिंह कच्छावाह (अध्यक्ष सावित्री बाई फुले शिक्षण संस्थान जयपुर), नरपत सिंह कच्छावाह (प्रभारी भारत सेवा संस्थान),अनिल कुमार (लिम्का बुक अवार्डी) भरत देवड़ा (प्रो. JNVU), अल्पुराम (प्रधानाचार्य),ताराचन्द भाटी (आर.ए.एस.), शंकरलाल गहलोत (अध्यक्ष माली समाज सोजतरोड़) बाबुलाल सांखला, सम्पतराज सैनी, मिसाराम सांखला (पुर्व पार्षद) सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिंवरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
**श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत**
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा(चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपूर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर
श्री(इंजि.)तेजप्रताप पुत्र श्री मंगलसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अभय सिंह पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आनंदसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री नेपाराम देवड़ा, बालरंवा, तिंवरी
श्री अमृत सांखला, फ्यूचर प्लस क्लासेज, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योंकि**

**हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पठकों का विशाल संसार**

**क्योंकि**

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

## सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 14 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

सदस्यता राशि

**दो वर्ष रु 400/-** | **पांच वर्ष रु 900/-** | **आजीवन रु 3100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रुपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज।)

**Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com**
**www.malisaini.org EAmail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org**

## RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464,

log on : www.malisainisandesh.com

e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर**

# महात्मा ज्योति बा फूले की 192वीं जयंति पर आयोजित कार्यक्रमों की झलकियां





## समाज के विभिन्न स्थानों पर हुए सामूहिक विवाह समारोह की झलकियां














Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# सादर श्रद्धांजलि



जोधपुर माली युवा महासभा के अध्यक्ष

## श्री निर्मल सोलंकी

के आकस्मिक निधन पर "माली सैनी संदेश परिवार"
समस्त माली सैनी समाज की ओर से
हार्दिक श्रद्धाजंलि अर्पित करते हैं।

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR